
# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, बुधवार 11 दिसम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ :-8 मूल्य :-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 336

बाईक चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार........ • गोरखपुर से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र • ट्रेविस हेड का पूर्व कोच जस्टिन लैंगर.....

## संक्षिप्त समाचार

### एचसीएल कर्मचारी का एक्सीडेंट..मौत,ड्यूटी से लौट रहा था घरय शहीद पथ पर हुआ हादसा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में स्थित शहीद पथ पर बीती सोमवार-मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बुलेट सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। अश्वनी कुमार श्रीवास्तव मानक नगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि बेटा राहुल श्रीवास्तव (24) सुशांत गोल्फ सिटी स्थित भ्क्स् कंपनी में काम करता था। रात में ड्यूटी करके घर लौट रहा था। शहीद पथ पर अज्ञात वाहन ने बेटे की बुलेट (यूपी-32 एचके -2889) में टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### नमो घाट पर पलटी स्पीड बोट,स्टंट के दौरान हुआ हादसा

**वाराणसी।** वाराणसी जिले में नमो घाट पर स्पीड बोट पलट गई। गनीमत रही कि इसमें सवार लोगों की जान बाल- बाल बच गई। बताया जा रहा है कि लाइव जैकेट पहन कर बोट पर लोग सवार हुए थे। इसी दौरान अचानक बोट पलट गई। इस पूरी घटना का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया। वाराणसी के नाविकों का कहना है कि इन स्पीड बोट वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वही,बोट वालेचलने वाले चालक ने सफ़ाई देते हुए कहा कि हम बस ट्रायल कर रहे थे।

### लुटेरी दुल्हन समेत नकली 5 रिश्तेदार गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी में नकली शादी रचाकर दूल्हों को फंसाने वाली लुटेरी दुल्हन मंगलवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गई। पुलिस ने नकली दुल्हन के साथ लुटेरों का पूरा गिरोह भी दबोच लिया, ये शादी के दौरान लड़की के माता-पिता और परिजन बनकर दूल्हे के सामने आते थे। इन लोगों ने पिछले दिनों ही राजस्थान से आए एक अधेड़ को ठगी का शिकार बनाया। नकली मंडप और फ़र्ज़ी फेरे हुए फ़िर मंदिर में शादी संपन्न होकर दावत भी उड़ाई। इसके बाद अगली रात दुल्हन ने बहाना बनाया और फ़रार हो गई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की तो जांच के बाद पूरा गिरोह पकड़ा गया। डीसीपी काशी गौरव बंसवाल ने लंका पुलिस की कार्रवाई का खुलासा किया, इसके बाद सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने जेल भेज दिया। हालांकि यह पहला मामला नहीं, इस गिरोह ने अब तक कई युवकों को शिकार बनाया है। पूछताछ के बाद पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। मंगलवार को लंका पुलिस ने शादी के नाम पर लोगों को धोखा देकर लाखों रुपये ठगने वाले गिरोह का भंडाफ़ोड़ किया। पुलिस ने सामने घाट मैदान से गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया और जो पूरी वारदात में भागीदार थे। इसमें लुटेरी दुल्हन के साथ गिरोह के मास्टरमाइंड को भी दबोच लिया। गिरोह का मास्टरमाइंड सुमेर सिंह राजस्थान से अविवाहित पुरुषों को शादी का झांसा देकर वाराणसी लाता था। गिरोह के अन्य सदस्य पूरी योजना बनाते, जिसमें लड़की दिखाने से लेकर शादी कराने और विदाई तक का कार्यक्रम किया जाता था । लकड़ी दिखाने के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर या गंगाघाट को चुनते थे और फ़िर शादी के लिए गंगा किनारे कोई छोटा मंदिर तलाशते थे। मंदिर के पुजारी को भ्रामक जानकारी देते शादी करा देते थे और जेवर-नगदी लेकर दावत उड़ाते थे। गिरोह में शामिल लुटेरी दुल्हन संगीता के अलावा अनिल लड़की का फ़ूफ़ा, प्रसन कुमार जीजा, शोभा देवी लड़की मां और गुड़िया बुआ बनकर मिलती थी। इन सभी को सुमेर सिंह ने ट्रेंड किया था और रुपये आने के बाद सभी बराबर बांट लेते थे। डीसीपी काशी गौरव बंसवाल ने बताया कि हरसोर रोड, नागौर राजस्थान निवासी घनश्याम पुत्र मिश्रीलाल की सोशल मीडिया के जरिए सुमेर सिंह से दोस्ती हो गई।

# हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही दिन भर के लिये स्थगित

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लोक सभा में मंगलवार को कांग्रेस की विशेषाधिकार हनन की नोटिस पर कोई निर्णय न होने और सत्ता पक्ष पर सदन की कार्यवाही न चलने देने का आरोप लगाते हुये विपक्ष के नारेबाजी और हंगामा करने के कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिये स्थगित कर दी गई। दोपहर 12 बजे सदन के पुन: समवेत होने पर पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। इसके बाद कांग्रेस के सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े हो गये और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य निशिकांत दुबे के खिलाफ दी गयी उनकी विशेषाधिकार हनन की नोटिस पर कोई निर्णय न होने तथा सदन की कार्यवाही न चलने देने का सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुये नारेबाजी करने लगे। इसी बीच, कांग्रेस के कुछ सदस्य सदन के बीचोबीच आ गये। इसी के साथ संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस सदन की गरिमा को चोट पहुंचा रही है। कांग्रेस सदस्य संसद के नियमों को ताक पर रखते हैं। कांग्रेस पार्टी अमेरिकी व्यवसायी जार्ज सोरोस के साथ तालमेल रखती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बताये कि जार्ज सोरोस के साथ उसका क्या रिश्ता है। रिजिजू के यह कहने पर कांग्रेस के सदस्य जोर-जोर से शोरगुल करने लगे। इसी के साथ कुछ भाजपा सदस्य भी अपने -अपने स्थानों खड़े होकर शोरगुल करने लगे। इससे पहले समाजवादी पार्टी के सदस्य धर्मेन्द्र यादव ने कहा सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष को बदनाम कर रहे हैं। सरकार सदन चलने नहीं दे रही है। सरकार की मंशा सदन नहीं चलने देने की है। दोनों ओर से हंगामा बढ़ते देखकर सैकिया ने सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी। विपक्ष के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले सुबह 11 बजे सदन समवेत होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद एक पवित्र स्थल है। इस भवन की उच्च गरिमा और मर्यादा है।

### राज्यसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव की केंद्र ने की निंदा, रिजिजू बोले- माफी मांगे कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपने पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह नोटिस सिर्फ विपक्ष की ध्यान भटकाने वाली रणनीति है। विपक्ष ने धनखड़ पर पक्षपात और %पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली% का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रस्ताव पेश किया है। विपक्ष ने दावा किया कि उन्होंने सदन की कार्यवाही के दौरान सत्ता पक्ष का पक्ष लिया और उनकी आवाज दबा दी।

## पाटिल ने स्वच्छता भारत मिशन पर उप्र, मप्र, बिहार, पंजाब को लेकर की समीक्षा बैठक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को मजबूत करने के प्रयासों के तहत पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा बिहार के ग्रामीण स्वच्छता विभाग के प्रभारी राज्य मंत्रियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री पाटिल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, हम जो रास्ता तय करेंगे वह स्वच्छ, स्वस्थ भारत का भविष्य तय करेगा। सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की कार्यक्षमता को मजबूत करना और परिसंपत्ति प्रबंधन को बढाने के साथ ही प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन में नवाचार करने की जरूरत है। राज्यों को समुदाय के नेतृत्व वाले दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के प्रयास तेज करने चाहिए और महिला स्वयं सहायता समूह, स्थानीय नेता और निजी क्षेत्र के उद्यमों को इसमें सक्रिय करने की जरूरत है। उन्होंने कहा स्वच्छता लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए एक आंदोलन है और इसमें सबकी भागीदारी से वास्तविक बदलाव लाएगा। स्वच्छता और सतत विकास. ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों को बढ़ावा देकर अगले मिशन की तरफ तेजी से कदम रखना है। जरूरत हर गांव को स्वच्छता, लचीलेपन और सतत विकास का एक उदाहरण बनाना है। समीक्षा बैठक में चार राज्यों में हुए कामकाज को लेकर कहा गया कि कि मध्य प्रदेश में 99 प्रतिशत गांव ओडीएफ प्लस हैं और 95 प्रतिशत गांव ओडीएफ प्लस मॉडल स्थिति तक पहुंच गए हैं। राज्य में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पहल लागू की गई है जिसमें आरआरडीए भोपाल के साथ समझौता ज्ञापन भी शामिल है। उत्तर प्रदेश में 98 प्रतिशत गांव ओडीएफ प्लस हैं और इसके लिए एक लाख से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। बिहार में 92 प्रतिशत गांव ओडीएफ प्लस हैं जिनमें ग्रे वाटर और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कवरेज क्रमश: 91 और 80 प्रतिशत है। पंजाब में 98 प्रतिशत गांव ओडीएफ प्लस हैं जबकि 87 प्रतिशत गांव ग्रे वाटर प्रबंधन से संतृप्त हैं।

## 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे किसान, सरवन सिंह पंधेर का ऐलान



एजेंसी

**चंडीगढ़।** किसान मजदूर मोर्चा नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार को कहा कि 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच करेगा। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि वह किसानों से बात करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को बात नहीं करनी है और किसानों के ऊपर बल प्रयोग कर उन्हें हतोत्साहित करना चाहती है। पंधेर ने कहा कि बुधवार को सीमाओं पर प्रार्थना दिवस मनायेंगे और लोगों से भी आह्वान करना चाहेंगे कि मंदिर, मस्जिद, गुरद्वारे में जाकर किसान आंदोलन की सफलता के लिये प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को आंदोलन को 10 महीने पूरे हो रहे हैं, इस अवसर पर वह लोगों से सीमाओं पर पहुंचने की अपील करना चाहेंगे और 14 दिसंबर को 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच करेगा।

## राजनाथ ने पुतिन के साथ रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रूस की यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मास्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सैन्य और तकनीकी सैन्य सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 21वें सत्र के इतर हुई इस मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री सिंह ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विश्वाश व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच साझेदारी में अपार संभावनाएं हैं और संयुक्त प्रयास उल्लेखनीय परिणामों का मार्ग प्रशस्त करेंगे। बैठक के दौरान श्री सिंह ने कहा, हमारे देशों के बीच दोस्ती सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी अधिक गहरी है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा अपने रूसी दोस्तों के साथ खड़ा रहा है और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेगा।

### विषाक्त भोजन खाने से एक छात्रा की मौत, 35 से अधिक बच्चे बीमार

**छत्तीसगढ़।** विषाक्त भोजन खाने से एक छात्रा की मौत, 35 से अधिक बच्चे बीमार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के माता रुक्मिणी धनोरा बालिका आश्रम में कल बच्चों को परोसे जाने वाले खाने में छिपकली मिली थी, जिसके बाद 35 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे, उनमें से एक छात्रा की अब मौत हो गई और नौ बच्चे बीजापुर जिला अस्पताल आईसीयू में भर्ती बताएं जा रहे है। मृतक छात्रा शिवानी तेलम को कल देर रात मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर किया गया था। बच्ची ने भैरमगढ़ में दम तोड़ दिया।

## ऑटो चालकों का करायेंगे 10 लाख रुपये का जीवन बीमाः केजरीवाल

एजेंसी




**नईदिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप)के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार बनने पर ऑटो चालकों को 10 लाख रुपये का जीवन बीमा कराया जाएगा। श्री केजरीवाल ने आज कहा, दिल्ली में सरकार बनने के बाद हर ऑटोवाले का 10 लाख का जीवन बीमा और पांच लाख रुपये का दुर्घटना बीमा किया जाएगा। ऑटोवाले को बेटी की शादी करने के लिए एक लाख रुपए, वर्दी के लिए साल में दो बार 2500 रुपए दिए जाएंगे और बच्चों की प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग का खर्च हमारी सरकार उठाएगी। इसके साथ ही ऑटोवालों की मांग पर पूछो एप को दोबारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहला चुनाव जिताने में ऑटोवालों ने बहुत सहयोग दिया था। यकीन है कि इस बार भी अपनी हर सवारी को 'आप'को वोट देने के लिए तैयार करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि हमें पहला चुनाव जीताने में ऑटो वालों ने बहुत सहयोग किया था। मुझे इस बार भी पूरा यकीन है कि दिल्ली के सारे ऑटोवाले हर सवारी से बात करेंगे। एक ऑटोवाला दिन में 10-15 सवारियों को बैठाता है। तो ऑटोवाला 10-15 लोगों को कंविंस कर सकता है।

### मुर्मु और मोदी ने एसएम कृष्णा को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ राजनीतिक नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी। पूर्व मुख्यमंत्री का कल देर रात अपने आवास पर निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। आधुनिक बेंगलुरु के वास्तुकार माने जाने वाले श्री कृष्णा कुछ समय से वृद्धावस्था जनित बीमारियों से जूझ रहे थे। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री मोदी, श्रीमती मुर्मू और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रीमती मुर्मु ने श्री कृष्णा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, श्री एसएम कृष्णा के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे करियर के दौरान विभिन्न पदों पर लोगों की सेवा की।卐 राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री के रूप में कर्नाटक के विकास के प्रति उनके समर्पण को याद किया और उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने श्री कृष्णा को असाधारण नेता करार देते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों के लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में श्री कृष्णा के कार्यकाल, खास तौर पर बुनियादी ढांचे के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला और उनकी बौद्धिक गतिविधियों की तारीफ करते हुए उन्हें 'एक विपुल पाठक और विचारक' कहा। श्री धनखड़ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री कृष्णा को 'एक महान बुद्धिजीवी, योग्य प्रशासक और एक परिवर्तनकारी नेता बताया। उन्होंने श्री कृष्णा की सार्वजनिक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका और उनके शानदार करियर के दौरान भारत की वैश्विक उपस्थिति पर प्रकाश डाला। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री कृष्णा को एक परिवर्तनकारी व्यक्तित्व के रूप में याद करते हुए कहा, 卐श्री एसएम कृष्णा के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उनके दशकों के काम ने कर्नाटक के विकास और बेंगलुरु को एक तकनीकी केंद्र में बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया श्री गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# धनखड़ के खिलाफइंडिया समूह का अविश्वास प्रस्ताव

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** इंडिया समूह ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर इसे राज्यसभा महासचिव को सौंप दिया है।

इंडिया समूह की तरफसे कहा गया है कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है, जो मजबूरी में लिया गया है। राज्यसभा के सभापति का व्यवहार बहुत ही पक्षपातपूर्ण रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सदस्यों ने सदन में भी सभापति को कहा कि पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। उनका कहना था कि गठबंधन के विभिन्न दलों के नेताओं का इस संबंध में एक ही रुख था, इसलिए प्रस्ताव लाया गया है। यह पूछने पर कि कितने सदस्यों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं, उन्होंने कुछ नहीं बताया लेकिन कहा कि यह निर्णय मजबूरी में लेना पड़ा है। उन्होंने कहा, राज्यसभा के माननीय सभापति द्वारा अत्यंत पक्षपातपूर्ण तरीके से उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन करने के कारण इंडिया समूह के सभी घटक दलों के पास उनके खिलाफ औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। गठबंधन की पार्टियों के लिए यह बेहद ही कष्टकारी निर्णय रहा है लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हित में यह अभूतपूर्व कदम उठाना पड़ा है। यह प्रस्ताव अभी राज्यसभा के महासचिव को सौंपा गया है।

## एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट संजय सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए मृत

एजेंसी



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में सोमवार को एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर कार्यरत संजय सिंह संदिग्ध हालत में अपने घर में मृत पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक संजय सिंह (58) खरगापुर के रामआसरे पुरवा निवासी थे और एसएसबी में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर कार्यरत थे। सोमवार रात वह अपने कमरे में अकेले थे। जब काफी समय तक वह कमरे से बाहर नहीं आए तो उनके बेटे प्रशांत ने दरवाजा खटखटाया। जब कोई जवाब नहीं मिला तो प्रशांत ने दरवाजे को धक्का देकर अंदर देखा। प्रशांत ने पाया कि उनके पिता संजय सिंह कमरे की जमीन पर मृत पड़े हुए थे। यह देख वह घबराए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर संजय सिंह को लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मौके पर प्रशांत ने बताया कि उनके पिता पिछले कुछ समय से बीमार थे और उनका इलाज चंदन अस्पताल में चल रहा था। हालांकि मौत की असल वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि संजय सिंह की मृत्यु किसी बीमारी के कारण हुई है या फ़िर इसमें कोई अन्य कारण हो सकता है।

### सीएम नीतीश ने किया पटना कलेक्ट्रेट के नए भवन का उद्घाटन



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना कलेक्ट्रेट के नए पांच मंजिला भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा और भवन निर्माण मंत्री जयंत राज भी शामिल हुए। 153.53 करोड़ की लागत से बने इस अत्याधुनिक भवन में अब 39 विभाग एक ही छत के नीचे काम करेंगे। गंगा किनारे स्थित यह भव्य भवन न केवल आकर्षक है, बल्कि भूकंप रोधी, ऊर्जा संरक्षण प्रणाली और आधुनिक सुरक्षा तंत्र से भी सुसज्जित है।

# प्रियंका चतुर्वेदी ने अमित शाह को लिखा पत्र

## बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग

एजेंसी



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता और सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र है, जिसमें उन्होंने बेलगावी (बेलगाम) को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग की है। प्रियंका चतुर्वेदी ने पत्र में कहा कि महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा पर बेलगावी सहित कई शहरों और गांवों को लेकर सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। कर्नाटक विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के साथ ही तनाव बढ़ गया है, जिसके कारण बेलगावी में महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) के कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि एमईएस की महा मेलावा रैली और अन्य शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों की अनुमति दी जाएगी, लेकिन पुलिस ने अब रैली को रोकने के लिए व्यापक व्यवस्था की है, जिससे शहर में तनाव और बढ़ गया है। उन्होंने पत्र में आगे कहा कि 2022 में, केंद्र ने दोनों राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक कोई भी कार्रवाई न करें। इसके बावजूद, कर्नाटक विधानसभा ने महाराष्ट्र को किसी भी प्रकार की जमीन देने से रोकने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया।

### जनता के मुद्दों पर सरकार संसद में नहीं चाहती चर्चा : प्रियंका गांधी

**नयी दिल्ली** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संसद में जनता के मुद्दों को उठाने से परहेज करती है,इसलिए भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं होती। प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आज यहां कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि जनता से जुड़े मुद्दे सदन में उठाई जाए। सरकार जनता के सवालों से भागना चाहती है, इसलिए संसद में किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं कराना चाहती।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
शकुन टाइम्स



# धान की खरीद किसानों का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें: डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महराजगंज।** डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में धान क्रय की समीक्षा जिलाधिकारी कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी में सर्वप्रथम धान के खरीद और भुगतान के बारे में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी से जानकारी ली। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी विवेक सिंह ने बताया की 12393 किसानों से लगभग 63,648.6 मी. टन की धान की खरीद हुई है और किसानों को 96 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है।

डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिया कि सभी तहसीलों के एसडीएम से समन्वय करते हुए किसानों का सत्यापन शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें, ताकि धान खरीद को और तेज किया जा चुका। उन्होंने सभी एसडीएम को भी किसान पंजीकरण को तत्काल सत्यापित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को केंद्रों पर धान क्रय की रोजाना रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देशित किया धान प्रेषण हेतु लगाये गये शत-प्रतिशत वाहनों पर जी0पी0एस0 लगाने का निर्देश दिया, ताकि धान परिवहन की प्रभावी ट्रैकिंग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी खरीद एजेंसियों को धान खरीद के संदर्भ में किसानों को न्यूनतम 85 प्रतिशत भुगतान तत्काल करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने धान प्रेषण में भी गति लाने हेतु निर्देशित किया बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एआर सहकारिता सुनील गुप्ता, एलडीएम बी.एन. मिश्रा एवं धान क्रय से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाइक और साइकिल की भिड़ंत में दोनो चालक गंभीर रूप से घायल, रेफर



शकुन टाइम्स संवाददाता

**औरैया ( ब्यूरो )।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुढुरुआ निवासी विजय बहादुर पुत्र गुलजारी लाल उम्र करीब 75 वर्ष अपनी साइकिल से अपने गांव से अटसु बाजार जा रहे थे तभी अटसु की और से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार राम प्रकाश पुत्र ज्योतिप्रकाश उम्र करीब 46 वर्ष ने साइकिल सवार वृद्ध युवक को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना अटसु चौकी प्रभारी को मिलते ही घटना स्थल पर मय पुलिस के पहुंच कर घायलों को ई रिक्शा के माध्यम से सीएचसी अजीतमल में लाया गया जहां से गंभीर हालत को देखते हुए दोनो को हायर सेंटर रेफर किया गया।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग, 8 लाख का नुकसान

**बहराइच।** मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 जरही के मोहल्ला जरही रोड पर उत्सव वस्त्रालय के नाम से संचालित दुकान में मंगलवार सुबह 08रू 30 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखे कपड़े जलने लगे। सूचना पाकर दुकान मालिक मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन एक घंटे बाद पहुंचे दमकल वाहन के चलते सारा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा के जरही निवासी मोहम्मद रफीक के कपड़े की दुकान में शॉर्ट सर्किट से मंगलवार सुबह आग लग गई। आसपास के लोगों ने दुकान से निकल रहे धुएं को देखकर दुकान मालिक मोहम्मद रफीक को फोन कर आग लगने की सूचना दी। सूचना पाकर जब तक दुकान पर पहुंचते तब तक दुकान में रखा कपड़ा काफी मात्रा में जल चुका था। दुकान मालिक के मुताबिक लगभग आठ लाख की संपति का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। राजस्व कर्मियों ने भी मौके का मुआयना कर रिपोर्ट तहसील को दी है।

## बहराइच में बढ़ा सड़क हादसों का ग्राफ, इस वर्ष 283 लोगों ने गवाईं जान, 610 हुए घायल

**बहराइच।** बहराइच जिले में सड़क हादसों का ग्राफकाफी बढ़ गया है। जिसके चलते एक वर्ष में 283 लोगों की मौत हो गई। वहीं 610 लोग घायल हुए हैं। इसका मुख्य कारण ब्लैक स्पॉट चिन्हित होने के बाद भी संकेतांक न लगना है। लेकिन यातायात और सहायक संभागीय परिवहन विभाग सिर्फकागजों पर ही हादसे रोकने के उपाय करता दिख रहा है। तराई बहराइच जनपद हादसों का जिला बनता जा रहा है। जिसका नतीजा है कि बीते एक वर्ष में 283 लोग काल के मुंह में समा गए। किसी ने बेटा तो किसी ने अपना भाई तो किसी ने पिता तो किसी ने अपना पति सड़क हादसो में खो दिया। इतना ही नहीं एक वर्ष में सड़क हादसों 610 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। इनमें कुछ लोग पूरी तरह से अपाहिज बन गए हैं। लेकिन हादसों पर अंकुश के लिए सिर्फकागजों पर ही कार्रवाई चल रही है। यह हम नहीं बल्कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट बता रहे हैं। ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर लिए गए हैं, लेकिन वहां पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का जागरूकता बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिसके चलते हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिले में 23 दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर 14 दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हुए हैं। लेकिन डीएम के बार बार संदेश के बाद भी यहां पर जागरूकता बोर्ड नहीं लगाए जा रहे हैं। ऐसे में सड़क हादसे कैसे रुके, यह सवाल सभी के मन में उठ रहा है।

## बीडीओ को जान से मारने की धमकी,20 करोड़ के काम की स्वीकृति का बनाया दबाव

**बस्ती।** विकासखंड बहादुरपुर के खण्ड विकास अधिकारी को 20 करोड़ रुपए के कार्य की स्वीकृति को लेकर धमकी देने का मामला सामने आया है। बीडीओ का आरोप है कि दो दिसंबर को प्रमुख प्रतिनिध्धि के पुत्र ने अपने आठ दस साध्थियों के साथ उन्हें विकास भवन में अपशब्द कहा और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि तभी से उन लोगों के डर से बीडीओ दफ्तर नहीं जा रहे हैं। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि कलवारी थाने में शैलेंद्र दुबे निवासी बबुरहवा थाना कलवारी और अन्य के खिलाफएफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं, आरोपी शैलेंद्र दुबे ने सारे आरोपों को झूठ बताया है। बीडीओ ब्लाक पर आने के बजाए।

# चकबंदी संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें: डीएम



शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ चकबंदी से संबंधित कार्यों समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए कहा कि चकबंदी से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उनमें त्वरित कार्यवाही करें। प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण से पहले मौके पर जाकर एसीओ मुआयना अवश्य कर लें। साथ ही जिन प्रकरणों में आवश्यक हो, उनमें तहसील से भी रिपोर्ट प्राप्त कर लें। जिलाधिकारी ने चकबंदी आयुक्त के निर्देश के क्रम में निर्देशित किया गया कि प्रारूप 1 से 9 की कार्यवाही की अधतन रिपोर्ट जल्द से जल्द दें।, और चकबंदी से संबंधित जितने भी मुकदमे हैं उसका निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण करें। जिलाधिकारी द्वारा सभी चकबंदी अधिकारी और सहायक चकबंदी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 3 वर्ष से अधिक के मामलों को जल्द से जल्द निस्तारण करते हुए अधतन रिपोर्ट करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एसओसी जगदीश यादव और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वर्ण व्यवसाई लूट कांड का पुलिस ने किया खुलासा

शकुन टाइम्स संवाददाता




**महाराजगंज।** घुघुली थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लोखास में स्वर्ण व्यवसाई की दुकान का ताला तोड़कर सोने व चादी के आभूषण व नकदी रुपया अज्ञात चोरो द्वारा चोरी का अंजाम दिया था। गोपाला टोला करमहा मोड़ पर पिकेट लगाकर चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान एक मोटर साईकिल पर चालक सहित तीन व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जो पुलिस चेकिंग को देखकर मोटर साईकिल पीछे मोड़कर भागना चाहे कि एक व्यक्ति जो पीछे बैठा था गिर गया जिसे पुलिस द्वारा मौके से पकड़ लिया गया शेष अन्य दो व्यक्ति अन्धेरा व कोहरा का लाभ उठाकर भागने में सफल हुए पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम अर्जुन राजभर पुत्र उत्तीम राजभर निवासी मोहन पट्टी थाना महुअ महुआडीह जनपद देवरिया जिसकी जामा तलाशी के दौरान एक बोरे से लोहे की सब्बल वा लोहे की छैनी तथा पहने हुए पैन्ट के दाहिने जेब से 01 जोडी पायल सफेद धातु, 02 जोडी बिछिया सफेद धातु तथा 2150 रुपया मिला जिसको पकड़े गये व्यक्ति द्वारा अपने साथी संदीप कुशवाहा पुत्र भरत कुशवाहा निवासी कोटवा टोला बसावन थाना महुआडीह जनपद देवरिया व उसका एक साथी नाम पता अज्ञात जो भागने में सफल हुए के साथ मिलकर ग्राम बल्लोखास में हुई स्वर्ण व्यवसाई की दुकान से हुई चोर की घटना में खर्च के उपरान्त बचा हुआ आभूषण व रुपया बताया तथा ग्राम गोपाला में भी अपने उक्त दोनो साथियो के साथ मिलकर स्वर्ण व्यवसाई की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास करना स्वीकार किया। तस्दीक होने पर पकड़ा गया व्यक्ति अर्जुन राजभर उपरोक्त उक्त दोनो घटनाओं में संलिप्त अभियुक्त है जिसके पास से चोरी के आभूषण, नकदी रुपया व चोरी करने का उपकरण बरामद हुआ है कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया। पकड़े गये अभियुक्त का आनलाईन अपराध चेक किया गया तो जनपद कुशीनगर में भिन्न भिन्न थानो पर नकबजनी, चोरी के अभियोग पंजीकृत है तथा अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध गैगेस्टर एक्ट के तहत भी कार्यवाही की गयी है। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# शिकोहाबाद में हाउस और वाटर टैक्स पर पूरी तरह ब्याज माफ



शकुन टाइम्स संवाददाता

**शिकोहाबाद।** नगर पालिका ने नगर के भवन स्वामियों को हाउस और वाटर टैक्स में ब्याज की छूट देकर नगर वासियों को राहत दी है। बोर्ड मीटिंग में निर्णय के बाद इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष रानी गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड मीटिंग का आयोजन किया गया।

जिसमें अधिशाषी अधिकारी सुरेंद्र सिंह, कर निर्धारण अधिकारी आनन्द सिंह एंव बोर्ड मीटिंग के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सर्व सहमति से जलकर एवं गृह कर पर लगने वाली ब्याज पूरी तरह से माफ करने का प्रस्ताव पारित किया। इतना ही नहीं इसे तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया है। इस दौरान नगर पालिका प्रतिनिधि राजीव गुप्ता ने बताया कि इस तरह की नगर पालिका की कार्यशैली से शहर के हजारों बकाएदारों को बड़ी राहत मिलेगी। शासन को पूर्ण ब्याज माफी एकमुश्त समाधान योजना लागू करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। दरअसल पिछली बार नगर पालिका की कार्यकारिणी की बैठक में हाउस टैक्स और वाटर टैक्स पर ब्याज माफ करने का निर्णय लिया गया था। बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स और वाटर टैक्स में पूर्ण ब्याज माफी के प्रस्ताव को कार्यकारिणी में पास किया गया। लोग अब बिना ब्याज के अपना टैक्स एकमुश्त समाधान योजना के तहत जमा कर सकेंगे।

# वर्ल्ड पैरा गेम्स थाईलैंड 100 मीटर दौड़ में युवक ने फहराया परचम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**शिकोहाबाद।** जेएस विश्वविद्यालय के बीएससी बायो थर्ड सेमेस्टर के छात्र ने थाई लैंड में आयोजित वर्ल्ड पैरा गेम्स में 100 मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया। जिसमें उसने ब्रांज और कांस्य पदक जीत कर इंटनेशनल स्तर पर विश्वविद्यालय के साथ अपना नाम रोशन किया है।

मंगलवार को छात्र का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत किया गया और इसके बाद रैली निकाल कर छात्र अपने गांव रजौरा तक पहुंचा। खास बात है कि छात्र का एक हाथ नहीं है। उसने दिव्यांगता को दरकिनार करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को जेएस विश्वविद्यालय में छात्र का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव और महानिदेशक डॉ. गौरव यादव के साथ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छात्र अभिषेक यादव का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। इसके बाद गांव के लोगों ने उसको एक वाहन पर बैठा कर ढोल नगाड़े के साथ जेएस विश्वविद्यालय से गांव रजोपुरा तक जुलूस निकाला और मार्ग में कई जगह उसका स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्र अभिषेक ने बताया कि वह विगत चार साल से कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले चुका है। वह 30 नवंबर को गांधी नगर से बेंगलुरू एयरपोर्ट पर पहंचा और वहीं से थाईलेंड के लिए रवाना हुआ। वह आठ दिसंबर को थाईलैंड से वापस घर लौटा। उसने बताया कि प्रतियोगिता एक दिसंबर से सात दिसंबर तक हुई। जिसमें छात्र ने छह दिसंबर को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उसने 100 मीटर दौड़ में सिल्वर और ब्रांज मेडल हासिल किया। उसने ब्रांज और कांस्य पदक प्राप्त कर अपने देश के साथ जनपद, विश्वविद्यालय और अपने गांव का नाम रोशन किया। उसकी इस सफलता पर विश्वविद्यालय स्टाफ ने उसका स्वागत किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र के परिवार को उस पर गर्व है।


# डीएम ने फ़िरोज़ाबाद महोत्सव को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में फिरोजाबाद महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और जनपद के समस्त अधिकारियों ने भागीदारी की, डीएम ने कहा कि महोत्सव की थीम और लोगो इस बार जनमानस आधारित होगा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतियोगिताओं के माध्यम से थीम और लोगो की डिजाइन का चयन करेंगे। इस हेतु विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। महोत्सव में सभी विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी साथ ही जनता की रुचि के अनुसार फन जोन, फूड जोन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इस बात का विशेष प्रयास रहेगा कि इस महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को ज्यादा अवसर दिया जाए। स्कूली बच्चे, एन जी ओ से दिन के समय मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।

# 6 शातिर लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी टूंडला के कुशल नेतृत्व में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया था इसी क्रम में थाना टूंडला पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम को चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गई कि बैंदी की पुलिया से आगे गैल गैस के पास 6 संदिग्ध अभियुक्त डकैती चोरी की योजना बना रहे हैं।

उक्त सूचना का संज्ञान लेकर थाना टूंडला पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो योजना बना रहे संदिग्ध अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 2 अभियुक्तों के पैर में गोली लग गई जिन्हे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया तथा 4 अन्य अभियुक्त मौके से भाग रहे थे जिनको पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग व घेराबंदी कर भागने के दौरान गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्तों की पहचान अनार सिंह पुत्र मेवाराम, शीलेन्द्र पाल पुत्र किशनपाल सिंह के रूप में हुई है तथा काम्बिंग में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हुई है। अभियुक्तों के पास से 2 अवैध तमंचा 315 बोर मय 4 जिन्दा कारतूस, 2 खोखा कारतूस व लूटी गई पल्सर मोटरसाइकिल एवं लूट चोरी की घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# आगरा में हुई प्रतियोगिताओ में बीडीएम की छात्राएं रहीं अव्वल

शकुन टाइम्स संवाददाता




**शिकोहाबाद।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के द्वारा मण्डल स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जेपी सभागार खंदारी परिसर आगरा में किया गया। जिसमें बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद की संगीत विभागाध्यक्षा एवं सांस्कृतिक प्रभारी डॉ मोनिका सिंह के संयोजन में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। विगत वर्ष की भांति छात्राओं ने बीडीएम कॉलेज का परचम पूरे जनपद में फहराया है तथा सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर की युवा कहानीकार परास्नातक द्वितीय बर्ष की छात्रा हिना ने हिन्दी विभाग में असिस्टेंट प्रो पल्लवी पाण्डेय के मार्गदर्शन में कहानी विधा में उच्च अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य एकल वर्ग में दीपिका परास्नातक प्रथम ने प्रथम स्थान, बीए फाइनल की छात्रा टीना द्वितीय स्थान पर रही।

लोकगायन एकल में सालिनी कुमारी एवं शिल्पी ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह लोकगीत में छात्राओं की शानदार प्रस्तुति ने श्रोताओं का मनमोह लिया एवं प्रथम स्थान अर्जित किया। समूह लोक नृत्य में भी छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु एवं समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रोत्साहित किया है।

# बडेबकायेदारोंके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही कर बकाया की वसूली की जाए:डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, विद्युत, स्टांप एवं निबंधन, परिवहन, अलोह खनन, वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग के राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें, वाणिज्य कर, विद्युत, स्टांप एवं निबंधन, वन विभाग में मासिक, क्रमिक लक्ष्यों के सापेक्ष वसूली की प्रगति संतोषजनक नहीं है, संबंधित विभाग के अधिकारी प्रवर्तन कार्य बढ़ाकर वसूली की प्रगति सुधारें, उप जिलाधिकारी लंबित आर.सी. की वसूली में तेजी लाएं, बड़े बकायादारों से बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन की वसूली की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की प्रगति बेहद निराशाजनक है, सहायक महा निरीक्षक निबंधक इस ओर ध्यान दें, बैनामा स्वीकार करते समय विक्रेता से धनराशि प्राप्त होने की जानकारी की वीडियोग्राफी करायी जाए, ऐसे बिलेख जिसमें रू. 20 हजार से अधिक धनराशि का नकद लेन-देन दर्शाया गया हो, को स्वीकार न किया जाए। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्टांप कमी जांच के बड़ी संख्या में बैनामें तहसीलों में लंबित हैं, तहसील सदर में 100, करहल में 105, किशनी में 99, भोगांव में 38, घिरोर में 22 एवं कुरावली में 02 बैनामें जांच हेतु शेष है।

# केन्द्रीय विद्यालय के लिये प्रधानमंत्री जी को धन्यवादः कृपाशंकर सिंह

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय जल्द बनेगा केंद्रीय विश्वविद्यालय

♦ तीन जोड़ी ट्रेन जौनपुर को सौपने के लिये रेलमंत्री को धन्यवादः कृपाशंकर सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** लोकसभा जौनपुर के प्रत्याशी व वरिष्ठ भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह के अथक प्रयास से तीन जोड़ी अर्थात छह ट्रेने जो औडिहार से सीधे वाराणसी होकर अपने गंतव्य पर प्रस्थान करती थीं उनका रुट व ठहराव जौनपुर में भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मैंने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादे किए थे उनको पूरा करने के लिये सभी सम्भव प्रयास कर रहा हूँ।जनपद जौनपुर को एक केंद्रीय विद्यालय देने के लिये प्रधानमंत्री मोदी एवम केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जल्द ही पूर्वांचल विश्वविद्यालय को बीएचयू के तर्ज पर विकसित करते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिये मैं प्रयासरत हूं।उन्होंने कहा मेरे चुनाव में सफलता या असफलता जौनपुर के विकास के राह में रोड़ा नही बनेगा। कृपाशंकर ने बताया कि रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी ने उनके प्रस्ताव पर तीन जोड़ी ट्रेनों को औड़िहार से जौनपुर होते हुये वाराणसी से गंतव्य को प्रस्थान हेतु आदेशित कर दिया है। जौनपुर की जनता के लिये मुंबई व कोलकता के आवगमन के किये यात्रा को सुगम बनाने के लिये रेलमंत्री को बहुत बहुत आभार व धन्यवाद है। उन्होंने बताया कि मुंबई के लिये गाड़ी संख्या 11081/ लोकमान्य तिलक गोरखपुर,गाड़ी संख्या11082/ गोरखपुर से लोकमान्य तिलक,हावड़ा के लिए गाड़ी संख्या 22323/शब्दभेदी एक्सप्रेस कोलकता से गाजीपुर,गाड़ी संख्या 22324 शब्दभेदी एक्सप्रेस गाजीपुर से कोलकता,गाड़ी संख्या 15022 शालीमार एक्सप्रेस गोरखपुर से शालीमार,गाड़ी संख्या 15021 शालीमार एक्सप्रेस शालीमार से गोरखपुर के लिए का इसी सप्ताह से ठहराव शुरू हो जाएगा।

## संगठन के स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों ने बच्चों में वितरित किया पठन सामग्री

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** मानवाधिकार संगठन के प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष विनय जायसवाल के अध्यक्षता में अहियापुर एवं उत्तरी बाजितपुर में गरीब, दलित छोटे-छोटे बच्चों को कापी, कलम, रबर, कटर, पेंसिल इत्यादि वितरण करके बच्चों को पढ़ने पर ध्यान लगाने को कहा गया। मानवाधिकार संगठन की तरफ से पढ़ाई लिखाई की सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और क्षेत्र में मानवाधिकार संगठन की सभी लोगों ने तारीफ़ की और लोगों ने कहा कि संगठन के द्वारा यह पहल करके बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान दिया जाए जा रहा है विनय जायसवाल ने बताया सम्मान, समानता और स्वतंत्रता मानव जीवन के मूल अधिकार है। इनके प्रति जागरूक रहना हर नागरिक का कर्तव्य बनता है द्य स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, इसे कोई हमसे छीन नहीं सकता। समाज में जो भी कार्य किया जा रहे हैं लोगों की सेवा में इसमें हर व्यक्ति को बढ़ चढ़कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपना सह्योग देना चाहिए जिससे हम एक मजबूत समाज की स्थापना कर सके।
कार्यक्रम में उपस्थित लोग प्रदीप उपाध्याय, रोहित शर्मा, मोतीलाल सोनी,शनि उपाध्याय चंद्रेश जायसवाल,विजय अग्रवाल , प्रेम शर्मा (मीडिया प्रभारी) साधना सिंह, संतोष शर्मा, अनिल वर्मा, अर्चना, रंजना ,बिंदु पांडे, अंकित मौर्य, ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

## प्रदेश में मुख्यमंत्री के निर्देशन में गांव में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है: मंत्री गिरीश

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय दो दिवसीय 46 वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन स्थान बी.आर.पी. इन्टर कालेज के मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ. प्र. श्री गिरीश चन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र व मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय करंजाकला की बच्चियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा पू. मा. विद्यालय महाराजगंज व गुरैनी, क0. विद्यालय रन्नो की बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।अतिथियों को बुके प्रदान कर व बैच लगाकर कैप पहना कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर राज्यमंत्री ने खेल से जुड़ने के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां शरीर में प्रवेश नही कर पाती है। बच्चे देश के भविष्य के निर्माण में कर्णधार है तो स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। खेल से बौद्विक, शारीरिक क्षमता के विकास होने के साथ ही देश सेवा के प्रति समर्पण की भावना भी उत्पन्न होती है।

प्रदेश मे मुख्यमंत्री के निर्देशन में गावों में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। राज्यमंत्री जी ने 46 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को शुभकामनाए दी और कहा कि एसे आयोजन से युवाओं को मंच मिलता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस व्यक्ति ने शुरूआती जीवन में खेल को आत्मसात कर लिया वह किसी भी परिस्थिति में उत्साहहीन नही हो सकता है। खेल को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। बच्चों को शुरूवात से ही खेल से जोड़ने के निर्देश दिया उन्होने कहा कि खेल से आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव से मुक्ति मिलती है।मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है, शिक्षा के साथ ही खेल को बढावा दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नही है बस उन्हे एक मंच मिलने की आवश्यकता है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पहले ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिताएं हुई थी उसके विजेताओं को तहसील वार टीम बनाकर आज जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हो रही हैं। इस अवसर पर आकर्षक मार्च पास्ट निकाला गया। जिसमे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चे तहसील वार प्रदर्शन कर रहे थे।

मार्च पास्ट की सलामी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने लिया।अतिथियों ने तिरंगे रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़कर व मशाल जलाकर खेलो का शुभारंभ किया। खेलो में लम्बी व ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती/जूडो, बैडमिंटन, बालीवाल, जिम्नास्टिक, रंगोली, योग, एथलेटिक्स, गोला फेक/ डिस्कस थ्रो आदि प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व जूनियर स्तर के बालक बालिकाये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। संचालन प्रीति श्रीवास्तव व नुपुर श्रीवास्तव ने किया। जिला व्यायाम शिक्षक रवि चन्द्र यादव व प्रियंका सिंह, राकेश यादव सहित सभी ब्लाको के व्यायाम शिक्षक प्रतियोगिताएं कराने मे लगे हुए हैं। इस अवसर पर बी. आर. पी इ. का.के प्रधानाचार्य डा प्रमोद श्रीवास्तव, वित्त एंव लेखाधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, बीईओ नगर नीरज श्रीवास्तव, बसन्त कुमार शुक्ल, रमेश चन्द्र पटेल सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, विन्ध्वासिनी उपाध्याय, राजू सिंह, डा संतोष कुमार तिवारी,,सै. मो. मुस्तफा, सभी जिला समन्वयक, सभी शिक्षक संघो के अध्यक्ष व पदाधिकारी, एस. आर. जी, शिक्षक व छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## बरेकाकर्मी पर 28 लाख की ठगी में केस

**वाराणसी।** बरेका में नौकरी के नाम पर गाजीपुर के चार युवकों से सात-सात लाख रुपये की ठगी कर ली गई। मंडुवाडीह पुलिस ने आरोपी बरेका के (624 - एफ ब्लॉक) निवासी गोपी कुमार झा युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बरेका में ग्रुप डी में चपरासी पद पर तैनात गोपी कुमार झा ककरमत्ता के मोहम्मद अरमान खान के यहां ट्यूशन पढ़ाता था। उसने बताया गया कि उसकी अधिकारियों से अच्छी पहचान है। वह ग्रुप सी और ग्रुप डी में नौकरी लगवा सकता है। झांसे में आए मोहम्मद अरमान खान के कहने पर उनके रिश्तेदार गाजीपुर के नोनहरा के फतेहपुर अटवा निवासी जकारिया खान, भांवरकोल के पखनपुरा निवासी अफजाल सिद्दीकी, वसीम अकरम, तनवीर हुसैन ने सात-सात लाख रुपये दे दिये। गोपी कुमार झा ने सभी नकली नियुक्ति पत्र भी दे दिया। फर्जी नियुक्ति पत्र का पता चलने पर सभी ने अपने रुपयों की मांग की तो आरोपी पीड़ितों को धमकी देने लगा।

## पीएम किसान सम्मान निधि के लिए कराए फार्मर रजिस्ट्री : जिलाधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जा रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र द्वारा रोस्टर जारी कर जिले की समस्त राजस्व गांवो में शिविर लगाकर किसान रजिस्ट्री की जा रही है, इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा सदर तहसील के प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर पुलगुजर में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया गया। शिविर में तीन किसानों अवधेश, मुलायम एवं रामशंकर का जिलाधिकारी द्वारा स्वयं फार्मर रजिस्ट्री किया गया, उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसान का आधार नंबर,खेत का रकवा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा, पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मन निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा। किसान कार्ड के लिए जिले के हर राजस्व गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें कृषि विभाग/ पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के दो- कर्मचारी रहेंगे, शिविर में गांव के संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटों में किसान का अंश, आधार नंबर, ई-केवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व स्थानांतरण ( विसारत,बैनामा आदि) होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा, इससे किसान के हर गाटे में हर सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। किसान कार्ड से फायदे बताते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी तक किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकार्ड देना पड़ता है, किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा, इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी, लाभार्थियों को सत्यापन कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में सहूलियत होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षति पूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने में आसानी होगी, साथ ही राजस्व विवादों का भी निस्तारण होगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक

शकुन टाइम्स संवाददाता



**भदोही।** जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं व क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में लैब स्लैब एवं बेसिंग उपलब्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के नये रोगी न हो एवं पुराने फाइलेरिया रोगियों का ट्रीटमेंट सही तरीके से किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत डॉक्टरों के उपस्थिति की चेकिंग एवं कार्य के प्रति उनकी दक्षता का सतत मूल्यांकन हो। एंटी स्नेक वैक्सीन की सभी पीएचसी, सीएससी पर उपलब्धता सुनिश्चित हो। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में व्यक्तिगत व टीम बेस्ड इंटेंसिव बढ़ाने व सुधार करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। सभी पीएचसी ,सीएचसी पर ड्यूटीरूम सहित सभी जगह साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो। स्वास्थ्य कर्मियों का भुगतान समय पर करना सुनिश्चित करें जिससे वे सभी इंडिकेटर्स में पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य करें। उन्होंने बायोमेडिकल बेस्टेज को सही तरीके से निस्तारित किये जाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि विभिन्न मदो में नियमानुसार पैसों का व्यय करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर सम्बन्धित अधिकारी पूर्ण कराये। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत अभोली ब्लाक में कार्य में लापरवाही व शिथिलता बरतने पर चिकित्सक डॉ0 राजीव गौतम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। साथ ही आरबीएसके के कार्य संचालन हेतु कार्यरत मोबाइल हेल्थ टीमों को स्कूलों में जॉच हेतु जाने के लिए वाहनों की उपलब्ध को सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# नाजिर चला रहा कई वर्षों से चुनार तहसील: क्या योगी राज में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी मजबूत

## एक नाजिर के इशारों पर नाच रही है चुनार तहसील

➡ भ्रष्टाचार और प्रशासन की मिलीभगत कि कहानी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चुनार/मिर्ज़ापुर।** चुनार तहसील, जहां न्याय की उम्मीद लेकर फरियादी पहुंचते हैं, वहां भ्रष्टाचार की कहानी लिखी जा रही है, ऐसा तब हो रहा जब सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का दावा करती है जिनके सरकार की मुहिम में था कि भ्रष्ट आचरण वाले सिस्टम को जड़ से समाप्त करेंगे,तो वहीं दूसरी तरफ चुनार तहसील में न्याय और नियमों का ऐसा मजाक उड़ाया जा रहा है, जिसे देखकर हर कोई सन्न रह जाए। पिछले 18 वर्षों से तहसील का संचालन नाजिर राजेन्द्र मौर्या के इशारों पर हो रहा है। जो महज एक नाजिर वहां पिछले कई वर्षों से तहसील की पूरी व्यवस्था को अपनी मुट्ठी में लेकर बैठा है। नाजिर के पद पर काबिज यह शख्स, कानून और नियमों को ताक पर रखकर, वे न केवल पेशकार के अधिकारों का अतिक्रमण कर रहे हैं, न्यायिक प्रक्रिया को भी बाधित कर रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसा कौन-सा चमत्कारिक प्रभाव है, जो इस व्यक्ति को वर्षों से एक ही स्थान पर जमाए हुए है, जबकि इस पर कई गंभीर आरोप हैं ?

### कई आरोपों के बाद वर्षों से क्यों कैसे जमे हैं मौर्या ट्रांसफर क्यों नहीं

2006 से एक ही स्थान पर डटे राजेन्द्र मौर्या का ट्रांसफर न होना, योगी सरकार की ट्रांसफर नीति पर सवाल खड़े करता है।
क्या यह `प्रभावशाली संपर्कों' का खेल है या फिर `ऊपर तक सेटिंग-गेटिंग' की ताकत ? नियमों के अनुसार, किसी भी सरकारी कर्मचारी का इतने लंबे समय तक एक ही स्थान पर रहना असंभव है। लेकिन मौर्या के जुगाड़ के तले जैसे इन नियमों को किसी ने पैरों तले कुचल दिया है।
सरकार के नियम साफ कहते हैं कि किसी भी कर्मचारी को एक ही स्थान पर अधिकतम तीन साल से ज्यादा नहीं रखा जा सकता। लेकिन मौर्या जैसे लोग इस नियम से ऊपर क्यों हैं? क्या यह प्रशासनिक ताकत का खेल है या `ऊपर तक जेब गर्म करने का पहुंच

### चुनार तहसील में न्याय का मजाक

जहां गूंगे बोलते हैं और बहरे सुनते हैं, वहां न्याय खामोश होता है। यही स्थिति चुनार तहसील की है। फरियादी न्याय की उम्मीद में सालों से दर-दर भटक रहे हैं। जहां एक फरियादी की अपील वाद संख्या *27/ञ 20316530413336 इस प्रमाण का ज्वलंत उदाहरण है, जहां 1 साल, 1 माह और 34 दिन बीत जाने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं, अन्य मामलों में त्वरित कार्यवाही हो रही है। क्या यह मौर्या की मुट्ठी गरम नीति का नतीजा है ?

### एसडीएम की चुप्पी पर सवाल

चुनार एसडीएम की चुप्पी पर सवाल उठना लाजमी है। क्या वे इस व्यवस्था से अनजान हैं, या फिर इस चमचमाती चांदी की चकाचौंध में उनका ईमान बिक चुका है तहसील में चल रहे इस खुले भ्रष्टाचार के खेल पर अधिकारियों की आंखों में पट्टी और कानों में रुई होने का संदेह गहराता जा रहा है।
क्यों कि जनता ने कई शिकायतें की पर जिम्मेदार अपनी मुट्ठी गर्म करने में मस्त हैं।

### न्यायपालिका की धज्जियां उड़ाता मौर्या

मौर्या की कार्यशैली ने चुनार की पूरी न्यायिक प्रक्रिया को मजाक बना दिया है। नाजिर होकर भी पेशकार का काम करना, फाइलों को दबाना, और मामलों को अपने हिसाब से चलाना-ये सब नियमों के राखी सावंत जैसे नौटंकी का हिस्सा बन चुके हैं।

### क्या होगी कार्रवाई या दब जाएगा मामला

चुनार की जनता अब जानना चाहती है कि क्या योगी सरकार इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी ? या फिर यह मामला भी फाइलों के बियाबान जंगल में खो जाएगा सवाल यह भी है कि इतने आरोपों और शिकायतों के बावजूद, राजेन्द्र मौर्या को क्यों नहीं हटाया गया

### जनता की मांग चुनार की जनता अब यह मांग कर रही है कि-

1. राजेन्द्र मौर्या को तुरंत हटाया जाए। 2. तहसील में भ्रष्टाचार की जांच के लिए स्वतंत्र कमेटी बनाई जाए। 3. दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो। अगर इस बार भी प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो यह मामला योगी सरकार की साख पर बट्टा लगाने वाला साबित होगा। चुनार की जनता अब बस एक ही सवाल पूछ रही है- आखिर कब तक एक नाजिर के इशारों पर नाचती रहेगी तहसील

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

## आग लगने से 8 पशु जलकर राख



**सादात /गाजीपुर।** सादात थाना के अंतर्गत डोरा गांव में लगभग 12:30 से 1:00 के बीच अज्ञात आग लगने के कारण फूलमैन गौड़ पिता मिनाथ गौड़ की 8 बकरी दीनानाथ गौड पिता मुटुर गौड़ की एक पाड़ी जल के मर गई 6 गाय गंभीर रूप से घायल हो गई है सूचना पाने पर राजकीय पशु चिकित्सालय के डॉक्टर तत्काल उपचार हेतु पहुंच गए 3झोपड़ी में आग लगने से बिस्तर चारपाई एवं पशु का चारा भी जलकर राख हो गया।

# लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के तहत शैक्षिक गतिविधियों का हुआ आयोजन

### कंपोजिट विद्यालय ह्रदयपुर में हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ/चंदौली।** मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय ह्रदयपुर में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के 10 वर्ष पूरे होने पर हर्षोल्लास के साथ भव्य आयोजन किया गया! लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार के द्वारा विद्यालय में बच्चों से विविध रचनात्मक एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन कराया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया! लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने अपने 10 वर्षों की सफलता को साझा करते हुए शिक्षा के




क्षेत्र में और अधिक योगदान देने का संकल्प लिया! ममता रानी गुप्ता एवं पूजा सिंह के निर्देशन में बच्चों ने आर्ट और क्राफ्ट की गतिविधियों में अपनी कल्पना शीलता का परिचय दिया! इसके अलावा कहानी सुनने ,लेखन प्रतियोगिताओं ने बच्चों की भाषा कौशल और अभिव्यक्ति को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई! बच्चों ने चार्ट पर अपनी कल्पना के आधार पर विभिन्न गतिविधियों का निर्माण करते हुए अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया! राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित नंदकुमार शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है! विद्यालय प्रबंधन लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा की इससे बच्चों के विकास करना और उन्हें आनंदमय शिक्षाप्रद वातावरण प्रदान करना है! बच्चों के जोश और प्रतिभा ने इस कार्यक्रम को यादगार बनाया है ! कार्यक्रम का समापन बच्चों को स्वल्पाहार के साथ तथा उनके बनाए गए चित्रों को प्रदर्शित करते हुए उन्हें आगामी भविष्य की शुभकामनाएं दी गई !इस कार्यक्रम में बृजेश कुमार ,प्रियंका चौहान ,विजय राज रवि ,रूबी सिंह ,गौतम लाल, लक्ष्मी त्रिपाठी ,उमा चौबे, उमेश, राम भजन राम, मंजू देवी ,सुशीला देवी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे!

## व्यापारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जमानिया।** तहसील के सामने रामलीला मंच पर व्यापारियों ने काली पट्टी बांधी और बुधवार को नगर के सभी व्यावसायिक संस्थानों को बंद रखने की घोषणा की।व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश जायसवाल ने कहा कि प्रशासन द्वारा अभी तक ट्रेड लाइसेंस शुल्क को लेकर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। सभासद सचिन वर्मा ने कहा कि ट्रेड लाइसेंस शुल्क उनके लिए एक अनावश्यक आर्थिक बोझ है।

समाजसेवी नारायण दास चौरसिया ने कहा कि यह शुल्क व्यापारियों के हितों के विपरीत है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। जिसके बाद उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार ने निर्देश पर नगर पालिका के कर निरीक्षक विजय शंकर राय उर्फ पप्पू राय धरना स्थल पर पहुंचे। जहां धरना पर बैठे व्यापारियों ने 236 व्यापारी एवं 16 सभासदो का ट्रेड शुल्क के विरोध में हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र दिया गया। वही धरना पर बैठे व्यापारियों की ओर से जमानिया कस्बाґ स्टेशन बाजार और हरपुर में माइक से अनाउंस कर बुधवार को दुकानों को बंद करने की अपील की गइ। इस अवसर पर जाहिद सिद्दीकी ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे हम व्यापरी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर सभासद प्रमोद यादवґ सभासद विकास जायसवालґ सभासद सुरेन्द्र चौधरीґ वीरेन्द्र कुमार मौर्यґ रवि वर्माґ मंटू गुप्ताґ लाखन वर्माґ उमेश यादवґ सत्येन्द्र वर्माґ अमन गुप्ताґ विन्ध्याचल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतिम संस्कार में शामिल होने गए बुजुर्ग सड़क हादसे में गंभीर घायल

**जमानियां।** क्षेत्र के बड़ेसर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने आए नंदलाल कुशवाहा (70 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय शिवदास कुशवाहा तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब वह सड़क किनारे लघुशंका के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, गगरन निवासी और रेलवे से सेवानिवृत्त नंदलाल कुशवाहा बड़ेसर गंगा घाट पर एक शव के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे। लघुशंका के लिए सड़क पार करते समय तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद साथियों ने तुरंत उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया, जहां डॉक्टर रमेश रत्नाकर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि टक्कर के कारण उनका एक पैर टूट गया है। इस घटना ने स्थानीय लोगों के बीच तेज रफ्तार वाहनों को लेकर चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। लोगों ने प्रशासन से इलाके में यातायात नियमों के सख्ती से पालन और निगरानी की मांग की है।

### बिजली की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के धनौता गांव में सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। 30 वर्षीय अभिमन्यु कुशवाहा की बिजली का तार उतारते समय करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अभिमन्यु सुबह स्कूल जाने से पहले बिजली का तार उतार रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। अभिमन्यु किसी प्राइवेट स्कूल में पढाता था और परिवार का मुख्य सहारा था।

अभिमन्यु की मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उसकी मां निर्मला देवी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक का एक 5 साल का बेटा है, और परिवार में दो संतान हैं, जिनमें से छोटा भाई मंदबुद्धि है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अभिमन्यु ही घर का एकमात्र सहारा था। इस हादसे ने पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा गई है। ग्रामीणों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और प्रशासन से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की मांग की है।

### भरखरा गांव के पास मिला वृद्ध का शव

**बलिया।** इलाके के भरखरा गांव के पास सोमवार को एक वृद्ध का शव पड़ा मिला। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान हल्दी थाना क्षेत्र के परसिया निवासी 70 वर्षीय दीनानाथ के रुप में हुई। पुलिस का कहना है कि दीनानाथ इलाके के धर्मपुरा गांव अपनी बहन के यहां लम्बे समय से रह रहे थे। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने से वह घुमते रहते थे। आशंका व्यक्त की जा रही है कि रात में ठंड लगने से उनकी मौत हो गयी। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में लेने के साथ ही परिजनों को अवगत कराया।

### महिला बीट की सिपाहियों के साथ एसपी ने की बैठक

**बलिया।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के चल रहे अभियान की मंगलवार को समीक्षा की गयी। पुलिस लाइन के आरडी त्रिपाठी हाल में आयोजित कार्यक्रम में सभी थानों की महिला बीट की पुलिसकर्मी पहुंची हुई थीं। उनको सम्बोधित करते हुए एसपी विक्रांत वीर ने कहा कि महिला बीट आरक्षी मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत अपने-अपने क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं को प्रतिदिन घर-घर, स्कूल-कालेज में जाकर जागरुक करें। बीट बुक की फीडिंग पूर्ण कर लें। कहा कि आप सभी पुलिस के कार्य के साथ ही सभी समाज के प्रहरी की तरह कार्य करें। कहा कि अगर किसी वृद्ध महिला अथवा अन्य को पेंशन नही मिल रही हो अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या हो तो अपने अपने थाना प्रभारी व सर्किल के क्षेत्राधिकारी को अवगत कराएं।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुददो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपको अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

## पुआल लेकर जा रही ट्रैक्टर हाइ टेंशन तार की चपेट में आई




शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा/चंदौली।** क्षेत्र के सरेसर गांव के समीप मंगलवार को ट्रैक्टर पर पुआल लादकर जा रही ट्रैक्टर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से धू-धू कर जलने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर किसी प्रकार काबू किया। अलीनगर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव निवासी विक्रम यादव भाडे की ट्रैक्टर पर मटकुट्टा गांव से पुआल लादकर अपने घर ले जा रहे थे। जैसे ही सरेसर गांव के समय पहुंचे की ट्रैक्टर पर लगा पुआल हाईटेंशन की तार की चपेट में आने से धू-धू कर जलने लगा। चालक ने सुझबुझ का परिचय देते हुए ट्रॉली से ट्रैक्टर को अलग कर दिया। जिससे इंजन पूरी तरह बच गया। हालांकि यहां अफरातफरी का माहौल बन गया। पूर्व प्रधान रामविलास यादव की सूचना पर बिजली कटवाई गई। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर किसी प्रकार काबू पाया। इस दौरान सरेसर धूस मार्ग का आवागमन लगभग एक घंटे बाधित रहा। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आग बुझाने के बाद ट्रैक्टर सहित ट्रॉली को हटवा कर किसी प्रकार और आगमन शुरू कराया गया।

# लोकगायक स्वतंत्र सरगम ने कीनाराम उपासक धनंजय सिंह को किया सम्मानित

### कीनाराम महोत्सव में भी प्रस्तुति दी थी बेहतरीन प्रस्तुति

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियां/चन्दौली।** लोकनाथ पीजी कॉलेज के प्रबंधक और बाबा कीनाराम जी के अनन्य उपासक बाबूजी धनंजय सिंह को मुंबई से चलकर आए लोकगायक स्वतंत्र यादव सरगम ने मंगलवार को उनके विद्यालय परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर लोकगायक स्वतंत्र यादव सरगम ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में हमेशा कृतज्ञ होना चाहिए। बाबूजी ने हमें बाबा के महोत्सव में गायन का अवसर प्रदान किया और मुम्बई महानगर में बाबा और बाबूजी के आशीर्वाद से एक नई पहचान मिली है। जिसके लिए मैं दोनों लोगों का ताउम्र आभारी रहूंगा। समाजसेवी शिक्षक धनंजय सिंह ने कहा कि मेरी कोशिश रहती है कीनाराम महोत्सव में नवोदित प्रतिभाओं को मंच दिया जाय, जिससे वे अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने आगे कहा कि मौका तो महोत्सव में बहुत से लोगों को प्रति वर्ष दिया जाता है।

लेकिन बाद में आभार व्यक्त करने की जहमत कोई नहीं उठाता। स्वतंत्र पहले व्यक्ति हैं, जो आभार व्यक्त करने आए हैं।

इस दौरान संजय सिंह, राकेश यादव रौशन, अभय यादव पीके, साहब लाल यादव, रतन यादव आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया विश्व मानवाधिकार दिवस

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चन्दौली।** जनपद के नवही स्थित बाबू तूफानी सिंह महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को केंद्रीय पर्यवेक्षक व अतिरिक्त जिला प्रभारी प्रशान्त सिंह के नेतृत्व में ह्यूमन राइट सी डब्लू ए संगठन द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल विनय कुमार व्याला और विशिष्ट अतिथि बाबू तूफानी सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्नल साहब ने लोगों को मानव अधिकारों के बारे में




बताया कि किस प्रकार आप लोग अधिकारों को जाने और किस प्रकार मानव अधिकारों के हनन को रोका जा सकता है साथ ही यह भी बताया कि मानवाधिकार आयोग आप सभी के अधिकारों के हनन को रोकने के लिए ही बनाया गया है। इसी कड़ी में केन्द्रीय पर्यवेक्षक और अतिरिक्त जिला प्रभारी प्रशान्त कुमार सिंह ने बताया कि जब से हमारे संगठन का निर्माण हुआ है तब से लेकर आज तक हमारे संगठन द्वारा भारत के कई राज्यों और जिलों में लोगों के अधिकारों को दिलाने का कार्य किया गया है। संगठन की जानकारी में आने पर लोगों को कई प्रकार के मुआवजे दिलाए गए। उनके उत्पीड़न पर रोक लगाया गया और भी अन्य प्रकार के मदद किए गए।

अन्त में काशी प्रान्त अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सामान्य जीवन यापन के लिए प्रत्येक मनुष्य के अपने परिवार, कार्य, सरकार और समाज पर कुछ अधिकार होते हैं। जो आपसी समझ और नियमों द्वारा निर्धारित होते हैं। इसी के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को आधिकारिक मान्यता दी गई। जिसमें भारतीय संविधान द्वारा प्रत्येक मनुष्य को कुछ विशेष अधिकार दिए गए हैं। अत॰ प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। मानव अधिकार से तात्पर्य उन सभी अधिकारों से है जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। यह सभी अधिकार भारतीय संविधान के भाग-तीन में मूलभूत अधिकारों के नाम से वर्णित किए गए हैं और न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय है। जिसकी भारतीय संविधान न केवल गारंटी देता है, बल्कि इसका उल्लंघन करने वालों को अदालत सजा भी देती है। वैसे तो भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में लाया गया था और 12 अक्टूबर 1993 में %राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग% का गठन किया गया था। लेकिन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर 1948 को घोषणा पत्र को मान्यता दिए जाने पर 10 दिसंबर का दिन मानवाधिकार दिवस के लिए निश्चित किया गया। मानवाधिकार को 30 अनुच्छेदों द्वारा सरलता से समझा जा सकता है। और प्रत्येक व्यक्ति को इसकी जानकारी और समझ अवश्य होनी चाहिए।

इस कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष वाराणसी दिलीप कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, जिला महासचिव मिथिलेश पाण्डेय, सुनील कुमार सिंह, तलवार सिंह, अम्बरीष सिंह और महाविद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# धान क्रय केंद्र पर हो रहा घपला निर्धारित तौल से अधिक लिया जा रहा धान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा ( चंदौली )।** क्षेत्र के बथावर साधन सहकारी समिति (बी पैक्स) के क्रय केंद्र पर धान खरीद में भारी घपलेबाजी की जा रही है।मंगलवार को यहा 40 किलोग्राम की जगह 41.250 किलोग्राम धान लिया जा रहा था। किसानों का कहना है। शिकायत करने पर सचिव धान लेने से मना कर दे रहे है। मजबूर और लाचार किसान बेबस होकर शोषण का शिकार हो रहे है। किसानों ने जांच कर सचिव पर कार्यवाही की मांग उठाई है।

दरअसल इस समय किसानों का धान पूरी तरह तैयार है।और वह इसकी बिक्री करना चाहते है। इसलिए अच्छा कीमत सरकारी क्रय केंद्र पर मिल रहा है। यहा 2320 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से सरकारी खरीद हो रही है। ऐसे में इन केंद्रों पर धान की आवक ज्यादा है। इसी का फायदा उठाकर हेराफेरी में माहिर केंद्र प्रभारी किसानों का जमकर शोषण करने में लगे है। ऐसा ही मामला मंगलवार को साधन



सहकारी समिति बथावर में देखने को मिला। यहा निर्धारित मानक से अधिक धान लिया जा रहा था। यहा 40 के जगह 41.250 किलोग्राम धान बोरे में तौल हो रही थी। इस तरह से देख जाय तो कुंतल पर 3.125 किलोग्राम धान अधिक लिया जा रहा था।जिसकी कीमत 72.5 रुपये हुई। अन्नदाताओं के साथ इस तरह की धोखाधड़ी तब हो रही है जब सरकार उनकी आय दुगुनी करने का दावा कर रही है। किसानों ने यहा के सचिव के क्रियाकलापो की जांच कर कार्यवाही करते हुए सही खरीद करने की जिलाधिकारी से मांग किया है। इस संबंध में एसडीएम अनुपम मिश्रा ने कहा कि आज ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# युवक की तालाब में डूबने से मौत 15 घंटे बाद बरामद हुआ शव

शकुन टाइम्स संवाददाता

**शहाबगंज/चंदौली।** शहाबगंज थाना क्षेत्र के लालपुर कुआं गांव में सोमवार की शाम तालाब में डूबने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मुन्ना चौहान के 18 वर्षीय पुत्र आकाश उर्फ काजू चौहान के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। सोमवार की शाम आकाश अपने दो दोस्तों के साथ तालाब किनारे बैठा था। तीनों के बीच तालाब पार करने की शर्त लग गई। शर्त के दौरान आकाश ने तालाब पार कर लिया, लेकिन लौटते समय वह बीच तालाब में डूब गया। यह देखकर उसके दोनों साथी मौके से फरार हो गए।



जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई, तो बड़ी संख्या में लोग तालाब पर जुट गए और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को तलाशने की कोशिश की, लेकिन रात होने के कारण सफलता नहीं मिली। रातभर शव बरामद न होने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह सड़क पर चक्का जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। चकिया थाना क्षेत्र के पचवनिया गांव निवासी गोताखोर रणवीर चौहान ने 15 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद मंगलवार सुबह आकाश के शव को तालाब से बरामद किया। रणवीर के इस कार्य की गांव में प्रशंसा की जा रही है।

शव मिलने के बाद पुलिस ने स्थिति को संभाला और परिजनों को शांत कराया। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है, और परिजन गमगीन हैं।

# मुख्यमंत्री का नवप्रयोग, डिजिटल सर्वसिद्धिप्रद: कुम्भ

## 13 अखाड़ों के साधु संतों ने भी अपनाया डिजिटलाइजेशन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डिजिटलाइजेशन विजन को 13 अखाड़ों के साधु संतों ने भी अपना लिया है। सभी अखाड़े अपने इतिहास सहित अपने अखाड़े के साधुओं का डिजिटल डाटा बेस तैयार करने में लग गए हैं। प्रयागराज में 2019 में आयोजित दिव्य और भव्य कुंभ को पूरी दुनिया ने देखा। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर महाकुंभ 2025 डिजिटल होने की दिशा में आगे बढ़ गया है। इससे पूरी दुनिया तकनीक आधारित महाकुंभ को अब घर बैठे देख सकेगी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हर छह वर्षों में आयोजित होने वाले कुंभ मेले (जिसे सरकार ने 'सर्वसिद्धिप्रद' कुम्भ' का नाम दिया है) में लोगों का सबसे बड़ा जमावड़ा है, जो वैश्विक स्तर पर लोक प्रशासन का एक बड़ा उदाहरण भी है। इस वर्ष करीब 45 दिनों (13 जनवरी से 25 फरवरी) तक यह मेला चलेगा। हर बार की तरह इस बार करोड़ों लोगों के शामिल होने का अनुमान है। मेले की भव्यता को और बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने के उद्देश्य से योगी सरकार का पूरे मेले को डिजिटल बनाने पर जोर है। महाकुंभ में पहली बार एआई तकनीक, एप, चैटबॉट और गूगल नेविगेशन का इस्तेमाल किया जा रहा है। मेले से जुड़ी हर महत्वपूर्ण जानकारी अब ऑनलाइन उपलब्ध होगी। घाट, अखाड़े के साथ ही पूजा पाठ और प्रवचन का विवरण ऑनलाइन होगा। साथ ही गंगा आरती व पूजा के साथ ही प्रयागराज मेला प्राधिकरण मेले के दौरान दी जाने वाली हर सुविधा का ऑनलाइन मूल्यांकन भी कर सकेगा। साथ ही हर शिविर की 3डी इमेज मेला वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। मेले के डिजिटलीकरण के पीछे मूल उद्देश्य इसे और अधिक सुरक्षित बनाना, इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ हर गतिविधि पर नज़र रखना व हर सुविधा को सही समय पर सही व्यक्ति तक पहुंचाना है। बीते दिनों यूपी सरकार और गूगल के बीच एक एमओयू साइन हुआ है, जिसके बाद गूगल पहली बार पूरे 'टेंट सिटी' को ऑनलाइन दिखाएगा। जो घाटों, मंदिरों, अखाड़ों, संतों की लोकेशन तक मार्गदर्शन करेगा। श्रद्धालु गूगल मैप्स के जरिए संगम तट, मंदिर, और अन्य स्थानों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इसके अलावा गूगल नेवीगेशन स्थानों, मार्गों, सड़कों का विस्तृत विवरण प्रदान करेगा। इस सुविधा से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के लाभान्वित होने का अनुमान है। महाकुंभ मेले से जुड़ी हर जगह की जानकारी गूगल नेविगेशन पर अपलोड की जाएगी। ऑनलाइन अपलोड किए जाने वाले 3डी इमेज कैंप के ज़रिए लोग वही अनुभव कर सकेंगे, जो मेला क्षेत्र में हो रहा है। अगर विदेश में बैठा कोई व्यक्ति किसी कारण से प्रयागराज महाकुंभ में नहीं आ पाता है तो भी वह यहां होने का अनुभव कर सकेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 328 एआई लेंस वाले कैमरों का प्रयोग पूरे मेला क्षेत्र में किया जा रहा है। ये कैमरे फेस रिकग्निशन तकनीक से तुरंत पहचान करने में सक्षम होंगे। गुमशुदा की जानकारी फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर साझा की जा सकेगी। गुमशुदा व्यक्ति का तुरंत डिजिटल पंजीकरण कराया जाएगा। वहीं, डिजिटल और मल्टीलिंग्वल साइनेज मेला क्षेत्र में लगाए जाएंगे। इसके अलावा वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए जलस्तर और संभावित बाढ़ की निगरानी की जाएगी। जीपीएस आधारित जलस्तर निगरानी और गूगल मैप्स इंटीग्रेशन से जियो-टैगिंग की जाएगी।

## एंटीरोमियों स्क्वाड द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया




शकुन टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** कल दिनांक- 10.12.2024 को श्रीमान पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज-05 के तहत नगर जोन के विभिन्न थानों में गठित एंटीरोमियों स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112,

चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, एण्टी-रोमियो स्क्वाड, शक्ति दीदी अभियान व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया।

## शिक्षक के इकलौता बेटे ने आग लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया

**लखनऊ** । राजधानी के दुबग्गा में युवक ने लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर बहनों ने आस-पास के लोगों को बुलाया। लोगों ने कमरे में घुस कर युवक को बचाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झुलसे युवक को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है। महिपत मउ गांव में दिलशाद अंसारी बहन सदफ सलिया और बड़ी बहन के साथ रहता है। दिलशाद ने मंगलवार को करीब 2 बजे घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में तारपीन तेल डाल कर आग लगा ली। चीख पुकार सुनकर लोग बचाव के लिए आए। कमरे में बनी खिड़की से लोग अंदर घुसे और बचाने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस पहुंची। घायल को ट्रामा सेंटर ले गई। बहन सदफ ने बताया कि पिता यहय्या अंसारी मलिहाबाद में सरकारी शिक्षक है। पिता-मां के साथ मलिहाबाद में ही रहते हैं।

## गर्भवती महिला से दबंगों ने की मारपीट

### महिला के है 8 माह का गर्भ

इंसानियत हुई शर्मसार

थाने में नहीं हो रही सुनवाई

शकुन टाइम्स संवाददाता



**फतेहपुर।** जिले की नंदापुर गांव की निवासी विमला देवी ने बताया कि बीते दिन मेरे पति दीपू कुछ काम से बाहर जा रहे थे तभी राजू ,प्रदीप ,पुरुषोत्तम व शुभान्न यह लोग आपस में बहस कर रहे थे तभी इनके द्वारा मेरे पति को रोका गया और गाली गलौज करने लगे पति द्वारा मना करने पर उपरोक्त लोगों द्वारा डंडे लाठी से मारा गया। मोहल्ले का शोर सुनकर मैं जब घर से बाहर निकली तो देखा कि मेरे पति के साथ यह सभी लोग मारपीट कर रहे थे मैं अपने पति को बचाने दौड़ी तो सभी लोगों द्वारा में मेरे संग भी मारपीट की गई इसके अलावा पीड़ित ने बताया कि मेरे आठ माह का गर्भ है मार खाने की वजह से मैं वही मूर्छित हो गई। तभी परिवार के द्वारा 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी गई उनके सामने भी यह लोग दबंगई दिखाने लगे मेरे द्वारा थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## संक्षिप्त सामाचार

### हिमाचल के राज्यपाल की फ्लीट की गाड़ियां आपस में टकराई, पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के शहीद पथ स्थित लुलु मॉल के पास हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला की फ्लीट दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में पुलिसकर्मियों समेत कुछ स्टाफके सदस्य घायल हो गए। हालांकि राज्यपाल की गाड़ी सुरक्षित है। सभी घायलों का इलाज सरोजनीनगर स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। बताया जा रहा है कि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला का काफिला सुबह 8 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से राजभवन की ओर निकला।

तभी 9 बजे शहीद पथ स्थित लुलु मॉल के पास एक गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिसके कारण राज्यपाल की फ्लीट कई गाड़ियां आपस में टकरा गई। इस हादसे में काफिले में शामिल एम्बुलेंस भी क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे डॉक्टर के पैर में चोट लगी। हादसे में घायल हुए सभी लोगों का इलाज सरोजनीनगर स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। वहीं इस घटना के चलते शहीद पथ पर लंबा जाम लग गया था। मौके पर पहुंची यातायात पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खाली कराया।

### आलू के खेत में मिला युवक का शव, मां बोली, गांव के दो लड़कों ने बेटे को मार डाला

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आलू के खेत में खून से लथपथ युवक का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताई है। घटना बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के अस्तल गांव की है। मृतक की पहचान नरपत उर्फ सोनू (30) पुत्र राम अवतार, अस्तल गांव थाना बीकेटी के तौर पर हुई है।

यह गांव प्रसिद्ध चंद्रिका देवी मंदिर के पास है। एसीपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल के साथ घटनास्थल पर फारेंसिक टीम पहुंची। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य कलेक्ट किए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले की हर एंगल पर जांच की जाएगी। मृतक के भाई नागेश्वर ने का कहना है कि सोनू सोमवार की रात गांव की शादी समारोह में गया था। वहां से वह घर नहीं लौटा। मंगलवार सुबह गांव के ही किसान जब आलू के खेत पर पहुंचे तो नाली में खून से लथपथ शव मिला। मृतक की मां का कहना है कि गांव के ही विक्की और उसके दो साथियों ने मेरे बेटे की हत्या की घ्है। वहीं, सूत्रों की मानें तो सोनू को किसी के प्रेम प्रसंग की जानकारी हो गई थी। यह भी हत्या का कारण होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंडलायुक्त रोशन जैकब पहुंचीं फ्रेग्नेश पार्क,क्वालिटी देख जताई नाराजगी

**लखनऊ** । मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को लखनऊ के विकसित हो रहे फ्रेग्नेश पार्क का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रख-रखाव, लाइटिंग और बैठने के लिए बेंचिंग सीट पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मंडलायुक्त ने कहा- पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए पाथवे की फिनिशिंग और पॉलिशिंग ठीक होनी चाहिए। ताकि पार्क की वास्तविक सुंदरता निखर कर सामने आ सके। हम पूरे प्रोजेक्ट का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। इसे बैठकर चेक किया जाएगा। हॉर्टिकल्चर कार्यों की धीमी प्रगति पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों को फटकार लगाई। तय समय सीमा में इसे पूरा करने के निर्देश दिए।

## साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा पर वर्कशॉप का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता




**प्रयागराज।** राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, हिम्मतगंज प्रयागराज में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य साइबर क्राइम के बारे में जागरूकता बढ़ाना और ऑनलाइन सुरक्षा उपायों को मजबूत करना था। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. वसीम अहमद की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्कशॉप का आयोजन प्रयागराज की साइबर सेल के द्वारा किया गया ,तथा इसमें छात्रों, शिक्षकों एवं कॉलेज के अन्य कर्मचारियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। वर्कशॉप में साइबर क्राइम ऑफिसर श्री जय प्रकाश सिंह ने प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एटीएम, डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स, क्यू आर कोड्स, ओटीपी और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जानकारी का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे वित्तीय नुकसान का खतरा उत्पन्न हो सकता है। श्री सिंह ने विशेषकर स्क्रीन शेरिंग एप्स जैसे एनी डेस्क, टीम व्यूअर और अन्य ऐसे सॉफ़्टवेयर का उल्लेख किया, जिन्हें अपराधी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, और इनका उपयोग कर उपभोक्ताओं को धोखा देने के विभिन्न तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, वेबसाइट्स और मोबाइल एप्स के माध्यम से भी कई धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें डॉक्टर अपॉइंटमेंट्स, बिजली बिल तथा अन्य दैनिक लेन-देन को धोखाधड़ी का शिकार बनाया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने पोंजी स्कीम्स, डिजिटल अरेस्ट, सेक्स टॉर्शन और व्हाट्सएप हैकिंग जैसे मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की और इन धोखेबाजों को पहचानने और उनसे बचने के उपाय बताए।

उन्होंने जन जागरूकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को साइबर दुनिया में अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम की संचालन प्रोफेसर नजीब हनज़ला अमर ने की। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. वसीम अहमद ने श्री जय प्रकाश सिंह का धन्यवाद किया और उनके द्वारा दिए गए विचारों को अत्यंत जानकारीपूर्ण और लाभकारी बताया।

## जीएसटी कमिश्नर से मिले व्यापारी, जीएसटी को सरल बनाने की उठाई मांग

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** आगामी 21 दिसंबर 2024 को होने वाली जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक से पहले व्यापारियों ने कमिश्नर से मुलाकात की। इस दौरान जीएसटी में सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उत्तर प्रदेश जीएसटी कमिश्नर डॉ. नितिन बंसल को व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एक मांग पत्र सौंपा। इसमें जीएसटी के सरलीकरण और व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में सर्वहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव और अफ्ज़ल अहमद शामिल थे। उन्होंने कमिश्नर से आग्रह किया कि इन सुझावों को जीएसटी काउंसिल तक पहुंचाया जाए। जिससे व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। व्यापारियों ने मांग की कि जीएसटी कानून में संशोधन नोटिफिकेशन या सर्कुलर के बजाय सीधे संबंधित सेक्शन और नियमों में किया जाए।

इससे जीएसटी को समझना और लागू करना सरल होगा। व्यापारियों ने सुझाव दिया कि जब जीएसटीआर-1 में एचएसएन कोड दिए जा रहे हैं, तो जीएसटीआर-9 में इन्हें दोबारा भरने की आवश्यकता समाप्त होनी चाहिए। जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9सी फॉर्म्स में जटिलताओं को दूर कर सरल और व्यावहारिक वार्षिक रिटर्न फॉर्म बनाने की मांग की गई है। इससे डीलर्स आसानी से अपनी कर देयता का हिसाब दे सकें। जीएसटी कमिश्नर डॉ. नितिन बंसल ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनके सुझावों को काउंसिल के समक्ष रखा जाएगा। व्यापारियों ने विश्वास जताया कि इन सुधारों से जीएसटी प्रणाली को अधिक सरल और पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

### युवक ने लगाई फांसी, सुबह फंदे पर लटका मिला

**लखनऊ।** राजधानी में एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिवार के लोग मंगलवार सुबह कमरे में फांसी पर लटकते देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक ने फांसी क्यों लगाई, परिवार के लोग कुछ बता नहीं पा रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ क्लियर हो सकेगा। पुलिस ने बताया, मोहनलालगंज में नगराम थाना क्षेत्र के असलीगढ़ी गांव में रहने वाले प्रदीप रावत (28) ने फांसी लगा ली। परिवार के सदस्यों ने जब प्रदीप को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो उनके होश उड़ गए। परिवार को संशय है कि प्रदीप ने रात में फांसी लगाई होगी, क्योंकि सोमवार रात में खाना खाने के बाद कमरा बंद करके सो गया था। परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि प्रदीप शांत स्वभाव का था।

## सनातन धर्म को खतरा बेधर्मियों से नहीं खुद से है: पं. गोविंद मिश्रा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** सनातन धर्म में राम चरित मानस, शिव महापुराण, भगवत गीता सहित अनेकों ग्रन्थ रत्न के रूप में हैं। फिर भी हम दूसरी ओर भाग रहे है। धर्म पर चलने और कथा सुनने वाला व्यक्ति कुछ देर के लिए भले ही मार्ग भटक जाए, लेकिन वो वापस अपने सही मार्ग पर लौट आता है। विश्वनाथ मन्दिर के 33वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-'ए' सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे शिव पुराण कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास पं. गोविंद मिश्रा ने कहा कि हमारे सनातन धर्म को खतरा बेधर्मियों से नहीं खुद से ही है। कुछ लोगों ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया लेकिन अधिकांश लोग उनका साथ नहीं दे रहे हैं। हम अपने धर्म के लिए कितना कार्य करते है ये सोचना पड़ेगा। धन से नहीं धर्म से हमारा भारत विश्व गुरु बनने के लिए अग्रसर है। उन्होंने बताया कि जब तक प्रभु की कृपा नहीं होती, तब तक हम धर्म, भक्ति की ओर जा नहीं सकते। पहले शिक्षा, पैसा कम प्रेम ज्यादा होता था, लेकिन आज शिक्षा, पैसा ज्यादा और प्रेम कम हो गया है। पं. गोविंद मिश्रा ने कहा कि राम चरित मानस को जितना सरल समझते हैं उतना सरल नहीं है। व्यक्ति कितना भी शिक्षित क्यों न हो हर कोई मानस की चौपाई नहीं पढ़ पाता है। मानस की एक एक चौपाई को पढ़ना और समझना चाहिए। प्रतिदिन कम से कम एक दोहा अवश्य पढ़ना चाहिए। कथा में पकड़ लो बांह रघुराई, नहीं तो डूब जायेंगे..., कह रघुपति सुन..., भोलेनाथ से निराला कोई दूजा नहीं..., बम बम बोल रहा है काशी... जैसे भजनों पर भक्त जमकर झूमे। इस मौके पर पूर्व पार्षद बृज किशोर पाण्डेय, एसडीएम श्वेता मिश्रा, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, शकुन्तला त्रिपाठी, शशांक त्रिपाठी, उषा मिश्रा, उमा शुक्ला, मंजू पांडेय, शीला पांडेय सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### विश्व रक्षा परिषद की इल्तिजा मुफ्ती पर रासुका की मांग,पुतला दहन

**लखनऊ।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती के हिंदुत्व विरोधी बयान को लेकर विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने आरोप लगाया कि मुफ्ती परिवार शुरू से ही हिंदू विरोधी और पाकिस्तान समर्थक रहा है। गोपाल राय ने 1989 के रुबिया अपहरण कांड का जिक्र करते हुए कहा कि जब मुफ्ती सईद गृह मंत्री थे तब अपनी बेटी की रिहाई के बदले खूंखार आतंकियों को छोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि 2016 में महबूबा मुफ्ती ने आतंकी बुरहान वानी का समर्थन किया। अब उनकी बेटी इल्तिजा हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही हैं। गोपाल राय ने इल्तिजा मुफ्ती पर रासुका लगाकर तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में हार के बाद इल्तिजा आतंकियों और जिहादी ताकतों का समर्थन पाने के लिए हिंदू विरोधी बयान दे रही हैं।

## निजीकरण के खिलाफबिजलीकर्मी, हाथ में काली पट्टी बांधकर पहुंचे दफ्तर



शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में लखनऊ समेत सभी जिला एवं परियोजनाओं में बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार बिजली कर्मियों ने काम प्रभावित नहीं होने दिया बल्कि काली पट्टी बांधकर निजीकरण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। मुख्य अभियंताओं ने भी काली पट्टी बांधी।ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि 11 दिसंबर को लखनऊ में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईई) की बैठक हो रही है, जिसमें बिजली के निजीकरण के खिलाफदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में हो रहे बिजली के निजीकरण के विरोध पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनसीसीसीओईई बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति है जिसमें देश के सभी प्रमुख बिजली कर्मचारी महासंघ, पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन और ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन शामिल हैं। लखनऊ में हो रही बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे, महासचिव पी रत्नाकर राव, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, महासचिव अभिमन्यु धनकड़, इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफइंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्षअध्यक्ष सुभाष लांबा, कन्फेडरेशन ऑफऑफिसर्स एसोसिएशन के नेशनल के अशोक राव और ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज के महासचिव मोहन शर्मा शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली के एकतरफा निजीकरण को लेकर देशभर के बिजली कर्मचारियों में भारी गुस्सा है। इसीलिए लखनऊ में समन्वय समिति की बैठक हो रही है जिसमें देशव्यापी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। एआईपीईएफ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल हस्तक्षेप कर कर्मचारी विरोधी निजीकरण को रद्द करने की अपील की है। एआईपीईएफने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों ने देश में सर्वाधिक 30 हजार मेगावाट तक बिजली आपूर्ति कर एक कीर्तिमान रचा है और यूपी के बिजली कर्मचारी भविष्य में और बेहतर बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसलिए निजीकरण को बिजली कर्मचारियों पर एकतरफा नहीं थोपा जाना चाहिए।

## सम्पादकीय

# बाबरी मस्जिद विध्वंस के 32 साल बाद निशाने पर कई अन्य स्थल

अयोध्या में बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किये जाने के 32 साल, तथा 9 नवंबर, 2019 को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय की पांच-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिये गये अयोध्या फैसले के लगभग पांच साल बाद जिसमें राम मंदिर बनाने का फैसला सुनाया गया,अनेक अन्य स्थलों को निशाना बनाया गया है। अयोध्या फैसले के तहत राम मंदिर बना और उसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2024 को कर भी दिया, परन्तु फैसले को आधे-अधूरे ढंग से लागू किया गया, जिसके कारण कई अन्य मस्जिदें और दरगाह नये लक्ष्य बन गये, जिससे देश भर में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक तनाव और वैमनस्य पैदा हो रहा है, जो अयोध्या के फैसले से बढ़ी उम्मीदों के विपरीत है। 2024 के भाजपा के घोषणापत्र में मंदिर के निर्माण को श्लोगों का पांच-सदियों पुराना सपना बताया गया था, जो अब सच हो गया है। इसके बाद तो सांप्रदायिक तनाव पैदा होना और भड़कना बंद हो जाना चाहिए था, लेकिन भाजपा के वैचारिक मूल स्रोत आरएसएस और हजारों सिर वाले सांप्रदायिकतावादी अनियंत्रित हो गये, और काशी और मथुरा में मस्जिद और दरगाह को निशाना बनाया, जो उनकी पुरानी मांग थी। सोमनाथ मंदिर के निर्माण के समय अन्य मस्जिदों और दरगाहों को निशाना नहीं बनाने के लिए हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच समझौता हुआ था। अयोध्या फैसले ने भी पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 को बरकरार रखा जिसमें किसी और पूजा स्थल के चरित्र को नहीं बदलने का प्रावधान है,और जिसे धर्मनिरपेक्षता की पूर्ति घोषित किया, जो भारत के संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। कई लक्ष्यों में, बहुप्रकाशित लक्ष्य हैं, टीले वाली मस्जिद, लखनऊ, उत्तर प्रदेशय कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद, कुतुब मीनार, दिल्लीय ज्ञानवापी मस्जिद, वाराणसी, उत्तर प्रदेशय कमाल मौला मस्जिद, भोजशाला परिसर, मध्य प्रदेशय शम्सी शाही मस्जिद, बदायूं, उत्तर प्रदेशय अटाला मस्जिद, जौनपुर, उत्तर प्रदेशय शाही ईदगाह मस्जिद, मथुरा, उत्तर प्रदेशय जामा मस्जिद, संभल, उत्तर प्रदेशय फतेहपुर सीकरी, उत्तर प्रदेश में शेख सलीम चिश्ती की जामा मस्जिद और दरगाहय और अजमेर शरीफदरगाह, राजस्थान।

अन्य कम प्रकाशित लक्ष्य भी हैं। अयोध्या फैसले के पांच न्यायाधीश थे- जस्टिस रंजन गोगोई, एसए बोबडे, डॉ डी वाई चंद्रचूड़, अशोक भूषण और एस अब्दुल नजीर। कई पूर्व न्यायाधीशों ने जहां पर मस्जिद को ध्वस्त किया गया उस जगह पर मंदिर के निर्माण की अनुमति देने वाले इस फैसले की आलोचना की है। सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आरएफनरीमन ने कहा कि इस मामले में -श्न्याय का एक बड़ा उपहासश् यह हुआ कि धर्मनिरपेक्षता को उसका हक नहीं दिया गया। फिर भी, अयोध्या फैसले में पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखना फैसले के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है, जहां तक सांप्रदायिक तनाव और वैमनस्य पर पूर्ण विराम लगाने का सवाल है। हालांकि, पीठ के एक न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने 2022 के एस निर्णय में पूजा स्थल अधिनियम तथा भारत के संविधान के मूल उद्देश्य की अनदेखी करके एक गंभीर गलती की, जिनमें से किसी में भी सांप्रदायिक तनाव और वैमनस्य की परिकल्पना नहीं की गयी थी। काशी ज्ञानवापी मस्जिद का मामला 2022 में सुप्रीम कोर्ट की सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 संरचना के धार्मिक चरित्र का पता लगाने पर रोक नहीं लगाता है, भले ही इसका उपयोग बदला न जा सके। इसने मस्जिदों और दरगाहों के खिलाफमामलों की बाढ़ ला दी, जो अंततरू सांप्रदायिक अशांति का कारण बन रहे हैं। अयोध्या फैसले में भारत की संसद के इरादों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा लोकसभा में दिये गये स्पष्टीकरण को उद्धृत किया गया हैरू श्हम इस विधेयक को प्रेम, शांति और सद्भाव की हमारी गौरवशाली परंपराओं को प्रदान करने और विकसित करने के उपाय के रूप में देखते हैं। ये परंपराएं एक सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता अनादि काल से हमारी महान सभ्यता की विशेषता रही है। अयोध्या फैसले में पूजा स्थल अधिनियम का उद्देश्य श्नये विवाद पैदा नहीं करना और पुराने विवादों को नहीं उठाना है, जिन्हें लोग लंबे समय से भूल चुके हैंश। फैसले में कहा गया है कि श1991 में संसद द्वारा पारित पूजा स्थल अधिनियम संविधान के मौलिक मूल्यों की रक्षा करता है और उन्हें सुरक्षित रखता है। प्रस्तावना विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और पूजा की स्वतंत्रता की रक्षा करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। यह मानवीय गरिमा और बंधुत्व पर जोर देती है। सभी धार्मिक विश्वासों की समानता के लिए सहिष्णुता, सम्मान और स्वीकृति बंधुत्व का एक मौलिक सिद्धांत है। पूजा स्थल अधिनियम भारतीय संविधान के तहत धर्मनिरपेक्षता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को लागू करने के लिए एक अपरिवर्तनीय दायित्व लागू करता है। इसलिए यह कानून भारतीय राजनीति की धर्मनिरपेक्ष विशेषताओं की रक्षा के लिए बनाया गया एक विधायी साधन है, जो संविधान की मूल विशेषताओं में से एक है। गैर-प्रतिगमन मौलिक संवैधानिक सिद्धांतों की एक आधारभूत विशेषता है, जिसका एक मुख्य घटक धर्मनिरपेक्षता है। इस प्रकार पूजा स्थल अधिनियम एक विधायी हस्तक्षेप है।

# बगलबच्चा पूंजीवाद से माई-बाप पूंजीवाद तक

राजेंद्र शर्मा

क्या क्रोनी कैपीटलिज्म यानी बगलबच्चा पूंजीवाद की संज्ञा पुरानी नहीं पड़ गयी है? क्या विशेष रूप से भारत में हालात अब बगलबच्चा पूंजीवाद से आगे नहीं निकल गए हैं। आम तौर पर देश के राजनीतिक मंच पर और खासतौर पर संसद में पिछले कुछ समय से जो कुछ हो रहा है, उससे तो ऐसा ही लगता है। जहां तक संसद का सवाल है, अब यह करीब-करीब साफ ही हो गया है कि पूरा का पूरा शीतकालीन सत्र मोदी सरकार द्वारा अडानी के बचाव की भेंट चढ़ने जा रहा है। अमेरिका में अडानी की कंपनियों के खिलाफप्रतिभूति बाजार नियामक तथा एफबीआई की जांच के बाद, भारत में अडानी ग्रुप की सौर बिजली की खरीद का रास्ता साफकरने के लिए, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों के अधिकारियों को 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक की रिश्वत दिए जाने के प्रकरण के अमेरिका से संबंधित मामले में आरोप तय कर मुकद्दमे की कार्रवाई शुरू किए जाने की खबर आने के बाद, संसद में विपक्ष द्वारा जोरदार तरीके से इस मुद्दे का उठाया जाना स्वाभाविक था। लेकिन, जब सरकार के और उसके आधीन नियामक एजेंसियों तथा विभिन्न जांच एजेंसियों के श्अडानी जांच से परे हैश् की मुद्रा अपनाने से आगे बढ़कर, मोदी राज ने सदनाध्यक्षों के जरिए यह सुनिश्चित किया कि अडानी का नाम संसद में श्उल्लेख से भी परेश् रहना चाहिए, तभी यह तय हो गया था कि संसद के शीतकालीन सत्र में कम से कम सामान्य तरीके से काम-काज नहीं होने जा रहा है। और वही हुआ भी। शीतकालीन सत्र का आधे से ज्यादा हिस्सा, अडानी के मुद्दे पर बहस की विपक्ष की मांग और सत्तापक्ष की किसी भी कीमत पर ऐसी कोई चर्चा नहीं होने देने की जिद के बीच रस्साकशी में ही निकल गया।

बहरहाल, इसी दौरान अपने बगलबच्चा पूंजीपति के बचाव के लिए, मोदी राज के अड़े रहने के सिवा और भी काफी कुछ हो रहा था, जो कम दिलचस्प नहीं था। बगलबच्चे की तरह, सत्ता का संरक्षण पा-पाकर ताकतवर हुए इजारेदार पूंजीपति के हिमायतियों का दायरा सिर्फसत्ता में बैठी ताकतों तक ही सीमित नहीं होता है। उसकी थैलियों के मुंह सत्तापक्ष से बाहर भी संरक्षण हासिल कर लेते हैं या लिए रहते हैं। इसलिए, संसद में जब सत्तापक्ष पर अडानी प्रकरण पर बहस कराने का दबाव एक हद से ज्यादा बढ़ा, विपक्ष की कतारों में इस बगलबच्चा पूंजीवाद के संरक्षत्व को सामने आने के लिए उत्प्रेरित करना शुरू कर दिया गया। विपक्ष की कतारों में इसकी आवाजें उठनी शुरू हो गयीं कि अडानी का मुद्दा कोई सबसे जरूरी मुद्दा नहीं है। पहले शरद पवार ने गौतम अडानी से अपनी दोस्ती की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति के जरिए, उसके लिए समर्थन को सामान्य बनाने की कोशिश की। उसके बाद, ममता बैनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने बाकायदा इसका ऐलान कर दिया कि संसद में उसकी प्राथमिकताएं कांग्रेस से भिन्न हैं। अडानी प्रकरण उसकी प्राथमिकता पर नहीं है। अंततरू समाजवादी पार्टी ने भी अपनी ही प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का राग अलापना शुरू कर दिया। इस तरह, लोकसभा चुनावों के बाद से जो नहीं हुआ था, हो गया और अडानी के ही मुद्दे पर विपक्ष की कतारों में दरारें दिखाई देने लगीं। लेकिन, अडानी के बचाव के लिए इतना भी काफी नहीं था। इसकी एक सीधी सी वजह यह थी कि राज्यों के लिए सौर ऊर्जा की आपूर्ति के सौदे में भ्रष्टाचार का तत्व इस कदर आंखों में

बहरहाल, इसी दौरान अपने बगलबच्चा पूंजीपति के बचाव के लिए, मोदी राज के अड़े रहने के सिवा और भी काफी कुछ हो रहा था, जो कम दिलचस्प नहीं था। बगलबच्चे की तरह, सत्ता का संरक्षण पा-पाकर ताकतवर हुए इजारेदार पूंजीपति के हिमायतियों का दायरा सिर्फसत्ता में बैठी ताकतों तक ही सीमित नहीं होता है। उसकी थैलियों के मुंह सत्तापक्ष से बाहर भी संरक्षण हासिल कर लेते हैं या लिए रहते हैं। इसलिए, संसद में जब सत्तापक्ष पर अडानी प्रकरण पर बहस कराने का दबाव एक हद से ज्यादा बढ़ा, विपक्ष की कतारों में इस बगलबच्चा पूंजीवाद के संरक्षत्व को सामने आने के लिए उत्प्रेरित करना शुरू कर दिया गया। विपक्ष की कतारों में इसकी आवाजें उठनी शुरू हो गयीं कि अडानी का मुद्दा कोई सबसे जरूरी मुद्दा नहीं है।



गड़ने वाला था कि विपक्ष की कतारों में क्रोनी पूंजीपति के सरपरस्तों की मौजूदगी के बावजूद और विपक्ष में इस मामले पर मतभेद उभर आने के बावजूद, इस मामले का दबना आसान नहीं था। इस पृष्ठभूमि में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के अपनी बढ़ी हुई ताकत के साथ इस मुद्दे पर डटे रहने का नतीजा यह था कि विपक्ष में थोड़ी-बहुत किचकिच के बावजूद, आम तौर पर विपक्ष इस मुद्दे पर कमोबेश एकजुट ही नजर आता था और उसकी आवाज को अनसुना कर के संसद में तथा आम तौर पर राजनीतिक मंच पर सामान्य स्थिति बहाल नहीं की जा सकती थी। अब क्रोनी पूंजीपति के बचाव की उसी दुहरी कार्यनीति का अगला और ज्यादा आक्रामक दांव शुरू किया गया। विपक्ष के स्तर पर, खासतौर पर हरियाणा और अब महाराष्ट्र की विपक्ष की चुनावी हार के बहाने से, कांग्रेस पर सीधे हमला बोल दिया गया कि वह विपक्ष का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने में असमर्थ साबित हो रही है। अब ममता बैनर्जी ने सीधे-सीधे विपक्षी कतारबंदी का नेतृत्व संभालने के लिए अपने तैयार होने का ऐलान कर दिया। चुनाव के धक्के से और अन्यान्य कारणों से भी, जिनमें बड़े धनपतियों से चुनावी चंदे हासिल करने में अपनी हिस्सेदारी भी शामिल है, कुछ अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी ममता बैनर्जी की दावेदारी को उचित मानने की बातें करनी शुरू कर दीं। असली मकसद यही था कि लड़ाई के बीच में, इस लड़ाई में आगे-आगे चल रही कांग्रेस के, प्रायरू समूचे विपक्ष की ओर से बोलने के दावे को कमजोर किया जाए। दूसरी ओर, सत्ताधारी भाजपा ने खुद सीधे कांग्रेस पर यह कहते हुए, सारे विधि-निषेधों को ताक पर रखते अंधाधुंध हमला छेड़ दिया कि अडानी पर हमला, अडानी पर हमला नहीं है, वास्तव में नरेंद्र मोदी के राज पर हमला है, भारत के विकास पर हमला है, आदि। फ्रांसीसी समाचार पोर्टल, मीडियापार्ट की एक कथित रूप से खोजी रिपोर्ट के बहाने से और उसके निष्कर्षों पर, अपने ही दावे थोपते हुए, स्वतंत्र मीडिया संस्थान आर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करने से आगे बढ़कर, उसकी फंडिंग के बहाने उसे जॉर्ज सोरोस से लेकर, अमरीकी विदेश विभाग तक, श्भारत विरोधियों का हथियारश् तो करार दिया ही गया, कांग्रेस को इस भारत-विरोधी षड्यंत्र का कर्ताधर्ता बना दिया गया। और यह सब किसलिए? गौतम अडानी को बचाने के लिए! इसके बहाने से सत्ताधारी पार्टी ने संसद के दोनों सदनों की कार्रवाई ठप्प करने की जिम्मेदारी खुद ही संभाल ली। इस सब के दूरगामी राजनीतिक नतीजों का तो अभी अनुमान ही लगाया जा सकता है। लेकिन, कांग्रेस के खिलाफअपने हमले को सत्ताधारी पार्टी ने जिस स्तर पर पहुंचा दिया है, वहां से शेष शीतकालीन सत्र का इसी गतिरोध में निकल जाना तय लगता है। इसके साथ ही यह गौरतलब है कि मोदी राज किस तरह अडानी को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है? विपक्ष और उसमें भी खासतौर पर कांग्रेस पर उसका हमला करना तो फिर भी समझ में आ सकता है, लेकिन जिस तरह से इस हमले में अमरीकी शासन तथा राज्य को भी घसीट लिया गया है, वह उसकी बदहवासी को ही दिखाता है। बेशक, इसके लिए विपक्ष को ही नहीं।

# अपनों का कत्ल

यूं तो हर रोज कई ऐसी खबरें विचलित करती हैं, जिसमें इंसानी रिश्तों का कत्ल होता है। लेकिन कुछ घटनाएं इतनी हृदयविदारक व वीभत्स होती हैं कि हर संवेदनशील व्यक्ति दुख व करुणा से स्तब्ध रह जाता है। पिछले दिनों दिल्ली की उस घटना ने विचलित किया, जिसमें आक्रोशित युवक ने पिता,मां व बहन की हत्या गुस्से में आकर कर दी। वहीं शनिवार को हरियाणा के शाहबाद की उस घटना ने हर किसी को झकझोरा, जिसमें पैसे के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों द्वारा उत्पीड़ित किए जाने पर एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता, पत्नी की निर्मम हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। उसने कोशिश तो अपने किशोर पुत्र की हत्या की भी की लेकिन संयोगवश वह बच गया। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें अपनों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने आठ लोगों द्वारा रुपयों के लेन-देन के लिये उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफविभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज भी किया है। अब भले ही हत्यारे व्यक्ति को रुपयों के लेन-देन को लेकर विकट स्थितियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन उसे इससे जन्म देने वाले माता-पिता व पत्नी की हत्या करने का अधिकार तो नहीं मिल जाता। आखिर उसके परिजनों का क्या कसूर था जिन्हें अकारण उसने मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, ऐसे मामलों में अकसर देखने में आता है कि विकट परिस्थितियों में बेहद तनाव की स्थितियों से गुजर रहा व्यक्ति इतना हताश हो जाता है कि अपने प्रियजनों को किसी अपमानजनक स्थिति से बचाने के लिये उनकी जीवन लीला समाप्त करना अंतिम विकल्प समझ लेता है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कई व्यक्ति वास्तविक आर्थिक स्थितियों का आकलन किए बिना ऐसे कदम उठा लेते हैं कि उसकी प्रतिपूर्ति करना मुश्किल हो जाता है। दरअसल संकट से गुजरते व्यक्ति में मुश्किल हालातों से मुकाबले का ऐसा धैर्य ही नहीं रहता है कि उससे उबारने का रास्ता खोज सके। ऐसे में मौत को गले लगाना ही उसे अंतिम विकल्प नजर आता है।

दरअसल, हमारे समाज में आज महत्वाकांक्षाओं और भौतिक संसाधन जुटाने का इस कदर जुनून हावी है कि आसन्न संकट का आकलन किए बिना व्यक्ति कर्ज के जाल में फंस जाता है। वहीं दूसरी ओर हमारे समाज में आर्थिक लिप्साओं के उफान के दौर में लोग इतने संवेदनहीन हो चले हैं कि व्यक्ति की दुखती रग पर हाथ रखकर भयादोहन करने लगते हैं। निश्चित रूप से ये विकट स्थितियां मानवीय मूल्यों के पराभव को भी दर्शाती हैं। शाहाबाद की हृदय विदारक घटना के लिये जिन लोगों को दोषी बताया जा रहा है, उन्होंने भी इतना रहम नहीं दिखाया कि यह परिवार उजड़ने से बच जाए। चंद रुपयों को वसूलने के क्रम में लोग किस हद तक गिर सकते हैं, यह घटनाक्रम उसकी बानगी है। एक समय था कि लोग ऐसे संकट में फंसे व्यक्ति की मदद के लिये खड़े होते थे। हमारा सामाजिक स्वरूप ऐसा था कि गांव-मोहल्ले के लोग एक-दूसरे का दुख-दर्द बांट लेते थे। आज हर तरफ लोग पैसे के पीर बन गए हैं।

शहरों में लोगों में ऐसी संवेदनशीलता नजर नहीं आती है कि दूसरे व्यक्ति या परिवार को संकट में फंसा देखकर आर्थिक संबल देकर या मनोबल बढ़ाकर उसे सांत्वना दें। ऐसे में जब व्यक्ति अपनी व अपने परिवार की मर्यादा व सम्मान गर्दिश में देखता है, तो वह आत्मघात को संकट का आखिरी समाधान मान लेता है। यह नये दौर की सामाजिक विकृति ही है कि अपनों का कत्ल करने से कोई गुरेज नहीं करता। सवाल यह भी है कि संकट कितना बड़ा क्यों न हो, आखिर कैसे कोई जन्म देने वाली मां का कत्ल कर सकता है? कैसे उस पिता को मार देता है, जिसने उसका जीवन सींचा है? कैसे उस पत्नी की हत्या कर देता है जिसकी रक्षा का संकल्प उसने सात फेरे लेते वक्त लिया था? निस्संदेह, समाज में पनपती यह संवेदनहीनता, निर्ममता, क्रूरता हमारे समाज विज्ञानियों के लिये मंथन का विषय है। आखिर क्यों किसी सभ्य समाज में ऐसी विकृतियां पनप रही हैं? यह हमारे समाज के लिये खतरे की घंटी है। जिसे सुना जाना चाहिए।

# किसानों को सड़क पर लाती सरकार

तत्काल सुनवाई की आवश्यकता से भी उसने इंकार कर दिया। इस सिलसिले में शीर्ष न्यायालय ने पहले ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन को जनता का मौलिक अधिकार बतलाया था और प्रशासन को किसानों के साथ बातचीत कर समस्या का हल निकालने का सुझाव दिया था। बहरहाल, किसान नये सिरे से इस आंदोलन को आगे बढ़ायें। सरकार को चाहिये कि इस जायज मांग को तत्काल स्वीकार कर उन्हें संतुष्ट करे। अपने ऐलान के मुताबिक रविवार को जब हजारों की संख्या में किसानों ने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ बॉर्डर पार करने की कोशिश की तो वहां मौजूद बड़ी संख्या में पुलिस ने उन्हें रोक लेने में कामयाबी पाई। उसके पहले आंसू गैस के गोले छोड़े जिससे करीब आधा दर्जन किसान घायल हो गये।

कृषि उत्पादों पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सी-2 प्लस 50 प्रतिशत के फार्मूले के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की मांग को लेकर दिल्ली प्रवेश कर रहे किसानों को हरियाणा स्थित शंभू बॉर्डर पर रोकने में पुलिस को चाहे सफलता मिल गयी हो लेकिन किसान नेता अगले कदम पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उधर सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर खाली कराये जाने की एक जनहित याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया कि इसी आशय की एक अर्जी पहले से ही उसके समक्ष विचाराधीन है इसलिये नयी याचिका का औचित्य नहीं है।

तत्काल सुनवाई की आवश्यकता से भी उसने इंकार कर दिया। इस सिलसिले में शीर्ष न्यायालय ने पहले ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन को जनता का मौलिक अधिकार बतलाया था और प्रशासन को किसानों के साथ बातचीत कर समस्या का हल निकालने का सुझाव दिया था। बहरहाल, किसान नये सिरे से इस आंदोलन को आगे बढ़ायें। सरकार को चाहिये कि इस जायज मांग को तत्काल स्वीकार कर उन्हें संतुष्ट करे। अपने ऐलान के मुताबिक रविवार को जब हजारों की संख्या में किसानों ने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ बॉर्डर पार करने की कोशिश की तो वहां मौजूद बड़ी संख्या में पुलिस ने उन्हें रोक लेने में कामयाबी पाई। उसके पहले आंसू गैस के गोले छोड़े जिससे करीब आधा दर्जन किसान घायल हो गये। एक की स्थिति बहुत गम्भीर बताई गई है जिसे चंडीगढ़ स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया है। खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन सोमवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गया। स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले चिकित्सकों के



अनुसार उनकी सेहत लगातार खराब हो रही है। आंदोलनकारी किसानों के प्रति पहले की सी बेरुखी अपनाते हुए केन्द्र सरकार उनके साथ चालबाजियां कर रही है। शुक्रवार को आंदोलन के नेताओं से कहा गया कि वे बिना ट्रैक्टर-ट्रॉली के सरकार से मिलने आ सकते हैं परन्तु शनिवार को जब उन्होंने जाने की कोशिश की तो उन्हें यह कहकर रोका गया कि केवल 10 लोगों को ही जाने की मंजूरी है। रविवार को पुलिस और प्रशासन ने यह आरोप लगाकर उन्हें रोक दिया कि मिलने हेतु जाने वाले किसान अपना परिचय नहीं दे रहे हैं। इसी के चलते शंभू बॉर्डर पर अप्रिय स्थिति बन गयी। हालांकि किसानों ने स्वयं ही अपने कदम वापस खींच लिये और स्वीकार किया कि पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया है। वे आपस में विचार कर अगला कदम तय करेंगे। केन्द्र सरकार के इस रवैये से साफहै कि वह पूर्ववत हठधर्मी बनी हुई है और वह किसानों के इस मुद्दे को लेकर कतई संजीदा नहीं है। उल्लेखनीय है कि 2020-21 में किसानों ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफएक साल 4 माह का आंदोलन किया था (9 अगस्त, 2020-11 दिसम्बर, 2021)। उस आंदोलन में 750 से ज्यादा किसान शहीद हुए थे। उस समय तो पुलिस ने उन्हें दिल्ली आने से रोकने के लिये बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थीं। उत्तर भारत की कड़ाके की ठंड में उन पर पानी की बौछारें की गयीं, डंडे बरसाये गये, शरीर पर आंसू गैस के गोले फेंके गये, रबर बुलेट भी शरीर के ऊपरी हिस्सों में चलाई गयीं। इतना ही नहीं, सड़कों पर कीलें लगाई गयीं और पक्के किस्म के बैरिकेड तक लगा दिये गये थे। अभी इसी साल हुए लोकसभा चुनावों के पहले फरवरी में किसानों ने फिर से आंदोलन किया, तो सरकार व पुलिस ने अपनी जनविरोधी मानसिकता का एक और रूप दिखाते हुए हरियाणा व दिल्ली के बीच खाइयां तक खोद दी थीं। एक तरफकेन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार खुद को किसान हितैषी बतलाती है, तो दूसरी ओर वह किसानों की मांगों को पूरा करना तो दूर, उनसे बात करने के लिये तक तैयार नहीं है। किसानों द्वारा जिस प्रकार से कृषि कानूनों को वापस लेने के लिये मोदी को मजबूर किया गया, उससे लगता है कि अब सरकार ने तय कर लिया है कि वह आंदोलनकारियों से कोई संवाद नहीं करेगी। किसानों के साथ होने वाला उसका बर्ताव तो कम से कम यही दर्शाता है। कृषि कानूनों की वापसी का ऐलान करते हुए हालांकि श्री मोदी ने कहा था कि, वे किसानों से एक फोन कॉल की दूरी पर हैं और वे जब भी चाहें उनसे मिल सकते हैं श्। उस बात को अब तीन वर्ष हो चुके हैं परन्तु पीएम हों या उनके कोई जिम्मेदार मंत्री, किसी के पास इतना वक्त नहीं हैय और न ही मंशा है कि वे किसानों को सामने बिठाकर बातचीत करें और किसानों को राहत दें। यह भी लोगों को अब तक याद है कि श्री मोदी ने दावा किया था कि 2022 तक वे किसानों की आय को दोगुना करेंगे। वह साल भी कब का गुजर चुका है। इन सबसे सरकार की मंशा साफहै कि वह किसानों से कोई बात करना नहीं चाहती तथा उसे इतना हताश व निराश कर देना चाहती है कि वे इस मांग को ही भूल जायें। अपने लोगों से हाईवे को खाली कराने की याचिकाएं डलवाना भाजपा का पुराना हथकण्डा है जो पहले भी किसान आंदोलन और शाहीन बाग आंदोलन के वक्त आजमाया जा चुका है। सिनेमा से राजनीति में आई भाजपा की सासंद कंगना रनौत ने चुनाव जीतने के कुछ दिनों के बाद ही कह दिया था कि कृषि कानूनों को फिर से लागू किया जाना चाहिये।

# एमएस धोनी ने बनाया ये खास रिकॉर्ड
## अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान को पछाड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की लोकप्रियता संन्यास लेने के 5 साल बाद भी कायम है। धोनी का क्रेज जितना क्रिकेट मैदान पर है उतना ही ब्रांड एंडोर्समेंट के मामले में भी है। क्रिकेट से संन्यास लेने के इतने साल बाद भी धोनी की ब्रांड वैल्यू कम नहीं बल्कि और ज्यादा बढ़ी है। ञ्जरू मीडिया रिसर्च की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 43 वर्षीय धोनी ने अब ब्रांड एंडोर्समेंट के मामले में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान को भी पछाड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, एमएस धोनी 2024 में सबसे ज्यादा ब्रांड एंडोर्समेंट पाने वाले भारतीय सेलिब्रिटी हैं। उनके पास कुल 42 एंडोर्समेंट हैं। अमिताभ बच्चन 41 एंडोर्समेंट के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि शाहरुख खान 34 डील के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ञ्जरूमीडिया रिसर्च यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका` नीलसन और यूके के कैंटर का एक संयुक्त उद्धम है। वहीं टैम मीडिया रिसर्च के अनुसार, इन आंकड़ों में केवल ब्रांड और वाणिज्यिक विज्ञापन शामिल हैं। इसमें प्रोमो और सोशल मीडिया विज्ञापन शामिल नहीं हैं।

बता दें कि, एमएस धोनी आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक्शन में दिखेंगे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। एमएस धोनी को अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर इसलिए रिटेन किया गया, क्योंकि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए 5 साल से ज्यादा का समय हो गया है।




# हरभजन सिंह ने आईसीसी पर साधा निशाना
# मोहम्मद सिराज के साथ हुई नाइंसाफी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने मोहम्मद सिराज और ट्रैविस हेड को जो सजा सुनाई वो भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को पच नहीं पाई। हरभजन सिंह की नजर में कि सिराज के अनुशासनानत्मक रिकॉर्ड में डिमेरिट अंक जोड़ने के साथ मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाना नाइंसाफी है। वह सिराज-हेड की नोकझोंक पर आईसीसी के दखल को सही नहीं मानते। उन्होंने तगड़ी डोज देते हुए कहा कि आईसीसी को छोटी-छोटी चीजों से दूर रहना चाहिए। सिराज और हेड के बीच इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया एडिलेड टेस्ट में तीखी बहस देखने को मिली। सिराज ने हेड को आउट करने के बाद आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था और पवेलियन जाने का इशारा किया। वहीं, हेड कथित तौर पर अपशब्द कहे थे। हरभजन सिंह ने स्टार स्पोर्ट्पर कहा कि, बात का बतंगड़ बना लिया है। ऐसा कुछ नहीं हुआ कि आईसीसी को दखल देना पड़े। कुछ ऐसा नहीं हुआ कि एक-दूसरे से हाथापाई करने गए। ट्रैविस ने कुछ बोला, जिसपर सिराज ने रिएक्ट किया। बात वहीं की वहीं खत्म हो गई। लेकिन आईसीसी ने दखल दिया। दोनों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट दे दिया गया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना भी लगा है। दोनों खिलाड़ियों ने चीजें तो सेम ही की थीं। सिराज ने तो वो शब्द भी नहीं बोला, जो हेड ने बोला था। उन्होंने तो सिर्फ हाथ से इशारा किया था। सिराज ने वो तब किया, जब हेड ने वो शब्द बोला। अगर दोनों ने काम सेम किया तो फिर सिराज पर 20 प्रतिशत क्यों लगाया?

पूर्व स्पिनर ने आगे कहा कि, दुनिया का कोई भी खेल देखें, कितना कॉम्पिटिटिव चलता है। मुझे लगता है कि अगर आईसीसी हर बात पर, हर नोकझोंक पर दख्लअंदाजी करेगा तो वो फ्लेवर खत्म हो जाएगा। क्रिकेट हो, बेस्टबॉल हो, या कोई भी खेल हो थोड़ी बहुत नोकझोंक चलना जरूरी है। इस वजह से स्पोर्ट्स में रुझान बनता है। आईसीसी को छोड़ी-छोटी चीजों में दख्लअंदाजी नहीं करनी चाहिए। आईसीसी को बड़ी चीजों में दखल देना चाहिए। अगर किसी ने अपनी मर्यादा पार की फिर कमेटी बिठाना चाहिए।

# 2025 में अफगानिस्तान के मुख्य कोच बने रहेंगे ट्रॉट

एजेंसी

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। अफग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा एक साल तक कार्यकाल बढ़ाए जाने के चलते जोनाथन ट्रॉट 2025 के अंत तक अफग़ानिस्तान के मुख्य कोच बने रहेंगे। उनका अगला दौरा ज़िम्बाब्वे का होगा लेकिन निजी कारणों के चलते वह सिर्फ़ वनडे प्रारूप के लिए ही उपलब्ध रह पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में हामिद हसन मुख्य कोच और नवरोज़ मंगल सहायक कोच की भूमिका में दिखेंगे।



एसीबी ने 2024 में टीम की सफलता को देखते हुए ट्रॉट का कार्यकाल बढ़ाया है। इस साल अफग़ानिस्तान ने ग्रुप और सुपर 8 स्टेज में न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को मात देते हुए टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफ़ाइनल में अपनी जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने शारजाह में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश दोनों को ही वनडे सीरीज़ में पटखनी भी दी है। जबकि पिछले वर्ष अफग़ानिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान, इंग्लैंड और श्रीलंका जैसी टीमों को शिकस्त दी थी।

अफग़ानिस्तान अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफ़ी में पहली बार हिस्सा लेगा। वनडे वर्ल्ड कप की अंक तालिका में शीर्ष आठ में रहने के कारण उन्हें इस टूर्नामेंट में प्रवेश मिला।

ट्रॉट का कार्यकाल जुलाई 2022 में चालू हुआ था और जनवरी 2024 में उनका 18 महीने का अनुबंध बढ़ा दिया गया था।

# एडिलेड में कमिंस अपने जश्न में अधिक आक्रामक थे- गिलक्रिस्ट

एजेंसी

**एडिलेड ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने एडिलेड ओवल में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कप्तान पैट कमिंस की आक्रामकता की सराहना की, जिसमें मेजबान टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

गुलाबी गेंद के टेस्ट में, कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड की ऑस्ट्रेलियाई तेज तिकड़ी ने भारत की पारी में सभी 20 विकेट चटकाए। कमिंस और स्टार्क ने सीम-फ्रेंडली सतह पर दबदबा दिखाया और दोनों ने मिलकर 15 विकेट साझा किए।

पर्थ की 295 रन की हार में केवल तीन विकेट लेने वाले कमिंस ने एडिलेड में सात विकेट लिए और नियंत्रित आक्रामकता के साथ जश्न मनाया।

फॉक्स क्रिकेट के द फॉलो-ऑन पॉडकास्ट पर गिलक्रिस्ट ने कहा, आप उनके जश्न से ही देख सकते हैं कि... उन्होंने जो भी विकेट लिया, उसका जश्न मनाने में वे अधिक आक्रामक थे। इस हद तक नहीं कि वे नियंत्रण खो बैठे, लेकिन आप यह स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि (पर्थ में) उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें थोड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था और वे आंतरिक रूप से पर्थ में जिस तरह से खेले, उससे बहुत निराश हुए होंगे।

गिलक्रिस्ट ने कहा, तो यह (एडिलेड में जश्न) आपको दिखाता है कि यह उनके लिए क्या मायने रखता है और उन्हें पता था कि वे उस स्तर पर वापस आ गए हैं जिस पर वे अपना क्रिकेट खेलना चाहते हैं। कमिंस शानदार थे, वे ऐसे दिख रहे थे जैसे पर्थ के बाद उन्हें थोड़ा सा तेल और ग्रीस बदलने और ट्यून अप की ज़रूरत हो, वे मैच के अंत तक ठीक हो रहे थे, इसलिए यह देखना शानदार था।

# ट्रेविस हेड का पूर्व कोच जस्टिन लैंगर के साथ मतभेद था - पेन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान टिम पेन ने खुलासा किया है कि स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड और उनके पूर्व कोच जस्टिन लैंगर के बीच अक्सर रेड बॉल क्रिकेट खेलने के तरीके को लेकर मतभेद होते थे।

पेन का मानना है कि जब से हेड को लैंगर के कार्यकाल के आखिरी समय में और बाद में नए कोच मैकडोनाल्ड और कमिंस के मार्गदर्शन में अपनी शैली से खेलने की आजादी मिली है, तब से वह टेस्ट क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। पेन ने एसईएन ब्रेकफास्ट से कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्हें यह बात कहने से कोई समस्या होगी, लेकिन हेड और लैंगर के विचारों में बड़ा अंतर था। लैंगर जैसे महान खिलाड़ी कोचिंग दे रहे थे, और उस समय उनके बल्लेबाजी कोच ग्रीम हिक थे, जिन्होंने 101 प्रथम श्रेणी शतक बनाए थे। हिक भी अपने सुझाव दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा, वह हेड से उनकी डिफेंसिव तकनीक पर काम करने के लिए जोर दे रहे थे, लेकिन हेड का तरीका अलग था। उस समय वे एक युवा टेस्ट खिलाड़ी थे और टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए हर किसी को खुश करने की कोशिश कर रहे थे। पेन ने कहा, आज हेड अपनी शैली पर भरोसा करते हैं और उसी के अनुसार खेलते हैं। कभी-कभी वे असफल होंगे, तो कभी उनका प्रदर्शन कमजोर रहेगा, लेकिन उनका आक्रामक अंदाज और मैच जीतने की कोशिश उन्हें खास बनाता है। अभी वे हर फॉर्मेट में शानदार खेल दिखा रहे हैं। ज्ञात हो कि हेड ने भारत के खिलाफ एडिलेड ओवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 140 रन बनाए। उनकी इस 141 रनों की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 337 का स्कोर खड़ा किया और गुलाबी गेंद के टेस्ट में 10 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की थी। ट्रेविस हेड को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया था।



# महिला जूनियर एशिया कप- भारत ने मलेशिया पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की

**मस्कट।** पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीपिका ने हैट्रिक लगाई, जिससे भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को यहां महिला जूनियर एशिया कप के पूल ए में अपने दूसरे मैच में मलेशिया पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपनी जीत की लय जारी रखी।

दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई, जबकि वैष्णवी विट्ठल फाल्के (32') और कनिका सिवाच (38') ने स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज किया।

पहले हाफ में गोल रहित रहने के बाद भारत ने आखिरी दो क्वार्टर में लय हासिल की और टूर्नामेंट में अपनी मजबूत फॉर्म को बरकरार रखते हुए आसान जीत हासिल की। भारत ने खेल की जोरदार शुरुआत की और गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा, लेकिन गोल करने के कई मौके गंवाए।

# भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 25 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढने् का अनुमान

**नई दिल्ली ।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। वहीं, वित्त वर्ष 26 में यह दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

इसकी वजह मजबूत शहरी उपभोग, सर्विस सेक्टर की स्थिर वृद्धि दर और इन्फ्रास्ट्रक्टर में निवेश बढना् है।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा वित्त वर्ष 25 में भारत की विकास दर को लेकर लगाया गया अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान 6.6 प्रतिशत से ज्यादा है।

वैश्विक क्रेडिट रेटिंग्स एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 27 में जीडीपी वृद्धि दर बढकर् 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा कहा कि चालू वित्त वर्ष के साथ ही आने वाले वर्षों में भी भारतीय जीडीपी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

# भारतीय ईएसडीएम इंडस्ट्री का मूल्य वित्त वर्ष 2028 तक 9 लाख करोड़ के होगा पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) इंडस्ट्री, जिसका मूल्य वित्त वर्ष 2023 में लगभग 2.09 लाख करोड़ रुपये था, वित्त वर्ष 28 तक 9.09 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ईएसडीएम इंडस्ट्री 5 वर्षों में 34 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से आगे बढ़ेगी।

पीएल कैपिटल ग्रुप - प्रभुदास लीलाधर की रिपोर्ट के अनुसार, ओईएम द्वारा विशेष ईएसडीएम प्रोवाइडर्स को मैन्युफैक्चरिंग की आउटसोर्सिंग में वृद्धि, इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती मांग, एक बड़ा घरेलू बाजार, चीन +1 रणनीति और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और सेमीकंडक्टर विकास में निवेश जैसी विभिन्न सरकारी पहल इस विकास के कारक होंगे। रिसर्स एनालिस्ट प्रवीण सहाय ने कहा, वित्त वर्ष 2023 में ईएसडीएम सेक्टर का योग्य बाजार 4.39 लाख करोड़ रुपये का था, जिसमें ओईएम धीरे-धीरे ईएसडीएम भागीदारों पर निर्भरता बढ़ा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, घरेलू मुद्रित सर्किट बोर्ड असेंबली (पीसीबीए) बाजार में 41.6 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज होने और वित्त वर्ष 2026 तक 6.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2023 में 2.31 लाख करोड़ रुपये था। सहाय ने विकास के कारकों का भी जिक्र किया। उन्होंने विश्व स्तर पर हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स की बढ़ती मांग, मूल्य संवर्द्धन, हाई स्पीड असेंबली जैसे कारक अहम हैं। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, भारत कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को प्रोत्साहित कर रहा है और अपनी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार कर रहा है।

# सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार, निफ्टी 24,600 स्तर से ऊपर

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को सपाट खुला। शुरुआती कारोबार में निफ्टी के ऑटो, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा सेक्टर में बिकवाली देखी गई।

सुबह करीब 9ः23 बजे सेंसेक्स 24.55 अंक या 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,533.01 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 14.05 अंक या 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,633 पर कारोबार कर रहा था। बाजार का रुख सकारात्मक रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,508 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 667 शेयर लाल निशान में थे। जानकारों ने कहा कि बाजार आगे कुछ समय के लिए एक नैरो कंसोलिडेशन पैटर्न के साथ आगे बढ़ेगा। ऐसे कोई बड़े ट्रिगर नहीं हैं जो बाजार को नए बुल ऑर्बिट में धकेल सकें। उन्होंने आगे कहा, ऐसी कोई बड़ी वजह नहीं है जो मौजूदा स्तरों से भारी गिरावट ला सके। इस दायरे में, महत्वपूर्ण गिरावट और तेजी देखने को मिल रही है। एफएमसीजी शेयरों पर बिकवाली का दबाव है, क्योंकि वे धीमी वृद्धि के दौर से गुजर रहे हैं।



निफ्टी बैंक 11.15 अंक या 0.02 प्रतिशत बढक़र 53,418.90 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 46.60 अंक या 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,045.35 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 55.40 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,584 पर था। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे। वही, एमएंडएम, टाइटन, मारुति, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और टीसीएस टॉप लूजर्स थे। एशियाई बाजारों की बात करें तो जकार्ता और बैंकॉक लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे, जबकि चीन, हांगकांग, सोल और जापान के बाजार हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 9 दिसंबर को 724.27 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 1,648.07 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## संक्षिप्त सामाचार

### गूगल मैप्स ने किए बड़े बदलाव, अब मुफ्त मिलेंगी यह सेवाएं

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारतीय डेवलपर्स को अपने मैप्स प्लेटफॉर्म से अधिक सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की है, जिसमें रूट्स, स्थान और एनवायरनमेंट एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट (एसडीके) तक निशुल्क पहुंच शामिल है। 1 मार्च, 2025 से डेवलपर्स को मासिक सीमा तक मैप्स, रूट्स, स्थान और एनवायरमेंट प्रोडक्ट्स तक मुफ्त पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उन्हें बिना किसी अग्रिम लागत के निकटवर्ती स्थान और डायनामिक स्ट्रीट व्यू जैसे विभिन्न उत्पादों को आसानी से एकीकृत कर पाएंगे। गूगल मैप्स प्लेटफॉर्म के प्रोडक्ट मैनेजमेंट के वरिष्ठ निदेशक टीना वेयंड ने कहा, भारत में इसका मतलब यह है कि आज हम जो 200 डॉलर का मासिक क्रेडिट प्रदान करते हैं, उसके स्थान पर डेवलपर्स जल्द ही हर महीने 6,800 डॉलर तक की वैल्यू की मुफ्त सेवाओं का उपयोग कर पाएंगे। इससे डेवलपर्स को बेहतर समाधान बनाने और बिना किसी लागत के गूगल एपीआई और एसडीके के साथ प्रयोग करने की सुविधा मिलेगी। डेवलपर्स को केवल तभी भुगतान करना होगा जब वे फ्री उपयोग की सीमा पार कर लेंगे। गूगल मैप्स प्लैटफॉर्म का भारत में उपयोग डिलीवरी से लेकर ट्रैवल ऐप बनाने में किया जाता है। वेयंड ने कहा, भारत में हमारी कवरेज 70 लाख किलोमीटर से ज्यादा की सडक़ों, 30 करोड़ इमारतों और 3.5 करोड़ व्यवसायों और स्थानों तक फैली हुई है। टेक दिग्गज की ओर से कहा गया कि गूगल मैप्स प्लेटफॉर्म ने हाल ही में भारत में विशिष्ट मूल्य निर्धारण की शुरुआत की है। इसमें अधिकांश एपीआई पर 70 प्रतिशत तक कम मूल्य निर्धारण और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ सहयोग शामिल है, जो डेवलपर्स को चुनिंदा गूगल मैप्स प्लेटफॉर्म एपीआई पर 90 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करता है। कंपनी ने कहा कि इन परिवर्तनों के परिणामस्वरूप कई डेवलपर्स के बिलों में आधे से भी अधिक की कमी आई है और छोटे डेवलपर्स के बिलों में तो और भी बड़ी कमी आई है।

### तेजी से उभर रहा जेवर का रियल एस्टेट बाजार, पांच साल में जमीन के दाम 40 प्रतिशत चढ़े

**नयी दिल्ली ।** उत्तर प्रदेश में यमुना एक्सप्रेसवे के पास स्थित कस्बा जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कारण रियल एस्टेट बाजार के रूप में तेजी से उभर रहा है। पिछले पांच साल में यहां जमीन की कीमतों में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रियल एस्टेट के बारे में परामर्श देने वाली कोलियर्स की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। 'बुनियादी ढांचा और वृहद परियोजनाएं... भारत में शहरी विस्तार के प्रमुख कारक' शीर्षक से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, जेवर में जमीन की कीमतें 2030 तक 50 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। इसमें कहा गया है, ''जेवर यमुना-एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित एक छोटा कस्बा है। यह रणनीतिक बुनियादी ढांचे, औद्योगिक विस्तार और विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ तेजी से एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है।'' रिपोर्ट के अनुसार, जेवर रियल एस्टेट के छोटे बाजार के रूप में तेजी से उभर रहा है। इसका कारण जेवर हवाई अड्डा (नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा), मेट्रो का विस्तार और अन्य शहरी परियोजनाओं जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचे का विकास है। इससे मजबूत आर्थिक विकास की संभावनाएं बनी है।'' कुल 1,334 एकड़ में फैला जेवर हवाई अड्डा अभी निर्माणाधीन है और इसके 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विस्तार की वजह से भारत में कॉपर की मांग आया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया के ताजा आंकड़ों के अनुसार, बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के कारण भारत में कॉपर की मांग में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2023-24 में 1,700 किलोटन तक पहुंच गई।



अंतरराष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया (आईसीएआई) ने एक बयान में कहा कि कॉपर की मांग में भवन निर्माण और बुनियादी ढांचे का योगदान 43 प्रतिशत है, जबकि सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 11 प्रतिशत है।

इस उछाल का श्रेय समग्र आर्थिक विस्तार को जाता है। उद्योग निकाय ने कहा कि कोविड महामारी के बाद, वित्त वर्ष 2021 और वित्त वर्ष 2024 के बीच औसत वार्षिक कॉपर की मांग में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

एसोसिएशन को उम्मीद है कि कॉपर की मांग में और वृद्धि दर्ज की जाएगी, क्योंकि बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और भवन निर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं।

जीडीपी के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्र में क्रमशः 9.1 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

अंतर्राष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया के प्रबंध निदेशक मयूर करमरकर ने कहा, ये रुझान कॉपर की मांग में मजबूत वृद्धि को दर्शाते हैं, जो भारत के जीडीपी विकास से जुड़े हैं।

सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के निवेश, उच्च उपभोक्ता खर्च और भवन निर्माण, बुनियादी ढांचे, परिवहन, औद्योगिक और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति से यह वृद्धि हुई है, जिसमें कॉपर की मांग में दोहरे अंकों में वृद्धि हुई है।

इसी अवधि के दौरान कॉपर कैथोड का घरेलू उत्पादन 8 प्रतिशत बढ़ा और कॉपर के विभिन्न रूपों के शुद्ध आयात में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

करमरकर ने कहा, ये रुझान भारत में एक मजबूत कॉपर इकोसिस्टम विकसित करने की क्षमता को उजागर करते हैं। अदाणी के कॉपर स्मेल्टर के वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही से चालू होने और कॉपर कंसन्ट्रेट और ब्लिस्टर पर शुल्क छूट के साथ घरेलू उत्पादन का दृष्टिकोण आशाजनक है। उन्होंने कहा, ये प्रगति, सस्टेन्ड मांग वृद्धि के साथ मिलकर कॉपर को भारत की तकनीकी और आर्थिक आकांक्षाओं के प्रमुख के रूप में स्थापित करती है।

आईसीएआई ने कहा कि भारत ने 4,68,000 टन एंड ऑफ लाइव और प्रोसेस कॉपर और एलॉय स्क्रैप का उत्पादन किया, जिसे वित्त वर्ष के दौरान अतिरिक्त 1,92,000 टन कॉपर और एलॉय स्क्रैप के शुद्ध आयात द्वारा और बढ़ाया गया।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# बाईक चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार

मृत्युंजय पान्डेय



**पालघर।** स्थानिक अपराध शाखा पालघर ने मोटर साइकिल चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए पालघर जिले के विरार से एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अगस्त 2024 को पालघर पूर्व रेलवे स्टेशन के पास पार्किंग में खड़ी बाईक क्रमांक एमएच 48 सी ई 5819 के चोरी होने की रिपोर्ट पालघर पुलिस थाना में अपराध संख्या 149/2024 भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2) के तहत अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी।

वहीं 20 नवंबर 2024 को पालघर पूर्व रेलवे स्टेशन के पास पार्किंग में खड़ी बाईक क्रमांक एमएच 48 सी एफ 5022 के चोरी होने की रिपोर्ट पालघर पुलिस थाना में अपराध संख्या 254/2024 भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2) के तहत अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। उक्त दोनों वारदातों में चोरी हुई बाईकों की बरामदगी करने तथा चोरी में शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार करने हेतु पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील, अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले, उपविभागीय पुलिस अधिकारी

अभिजीत धाराशिवकर के मार्गदर्शन में स्थानिक अपराध शाखा पालघर के पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटील नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिसके पश्चात मिली गुप्त जानकारी के आधार पर स्थानिक अपराध शाखा पालघर द्वारा की गई छापेमारी में पालघर जिले के वसई, विरार अंतर्गत स्थित डोंगरपाड़ा से आरोपी विजय कृष्णा गोष (मूल निवासी उड़ीसा) को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल कर ली। उक्त कारवाई पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील, अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले, उपविभागीय पुलिस अधिकारी अभिजीत धाराशिवकर के मार्गदर्शन में स्थानिक

अपराध शाखा पालघर के पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटील, पुलिस उपनिरीक्षक रविंद्र वानखेड़े, पोहवा संदीप सरदार, पोहवा दिनेश गायकवाड व पोहवा राकेश पाटील की संयुक्त टीम द्वारा सफलता पूर्वक की गई। उक्त मामले में आगे की जांच पालघर पुलिस थाने के पोहवा भगवान आव्हाड द्वारा की जा रही है।

# हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में 200 फीट गहरी खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, ड्राइवर की मौके पर मौत

एजेंसी

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में यात्रियों से भरी एक बस के गहरी खाई में गिरने की खबर है. बताया जा रहा है कि इस हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि बस में सवार सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए. बताया जा रहा है कि हादसा आनी के पास हुआ. जबकि बस में 25 से 30 लोग सवार थे.

कुल्लू की डीसी तोरूल एस. रवीश ने बताया कि, कुल्लू जिले के आनी उपमंडल में 25-30 यात्रियों को ले जा रही निजी बस गहरी खाई में गिर गई. उन्होंने कहा कि, हादसे में बस चालक की मौत हो गई. जबकि सभी यात्रियों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है. हमारी टीम मौके पर मौजूद है.

जानकारी के मुताबिक, एक प्राइवेट बस मंगलवार सुबह कुल्लू के आनी से छतरी जा रही थी, इसी दौरान शकेलहड़ पहुंचने पर बस हादसे का शिकार हो गई. बस अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई. जिससे बस के परखच्चे उड़ गए. बस के खाई में गिरने की खबर मिलते ही तमाम स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए. उसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई. लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बस चालक ने दम तोड़ दिया. वहीं हादसे में घायल सभी यात्रियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का अंदाजा इस बात से लगाया जा रहा है कि खाई में गिरने से बस के परखच्चे उड़ गए. सामने आई हादसी के तस्वीरों और वीडियो में देखा जा सकता है कि बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है और सिर्फ बस की छत ही नजर आ रही है. हादसे में बस के पहिए और दूसरा कोई हिस्सा नजर ही नहीं आ रहा है. ऐसा लग रहा है कि बस को किसी चीज से ऊपर से दबाया गया हो।

## संक्षिप्त सामाचार

### इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशंस का आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा

**अहमदाबाद।** इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 12 दिसंबर को खुलेगा। कंपनी की ओर से मंगलवार को यहां जारी बयान के अनुसार इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ गुरुवार, 12 दिसंबर को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/ऑफ़र खोलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो बुधवार, 11 दिसंबर है। बोली/ऑफ़र बंद होने की तिथि सोमवार, 16 दिसंबर है।

ऑफ़र का प्राइस बैंड 1,265 प्रति इक्विटी शेयर से ??1,329 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 11 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 11 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। ऑफ़र में इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड के एक रुपये अंकित मूल्य के 18,795,510 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।

### रोजगार सहायक पंद्रह हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के दतिया जिले के एक रोजगार सहायक अधिकारी को आज लोकायुक्त पुलिस ने पंद्रह हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी खेत तालाब निर्माण कार्य के मस्टर भुगतान के बदले यह रिश्वत राशि ले रहा था। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मिश्रा ने बताया कि लोकायुक्त पुलिस ने ग्राम रोजगार सहायक अधिकारी ग्राम पंचायत निचरोली दतिया मुकेश सिंह यादव को सर्किट हाउस के बगल में झांसी रोड दतिया पर पंद्रह हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा। ग्राम निचरोली निवासी सोबरन सिंह ने ग्राम रोजगार सहायक अधिकारी मुकेश सिंह से खेत तालाब निर्माण कार्य के मस्टर भुगतान के लिये संपर्क किया था। काम के बदले ग्राम रोजगार सहायक अधिकारी ने सोबरन से 30 हजार की रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत सोबरन सिंह ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त से शिकायत की थी।


पुलिस अधीक्षक के द्वारा शिकायत का सत्यापन करवाकर कार्रवाई के लिये टीम गठित की गयी। योजना अनुसार आज जैसे सोबरल ने रिश्वत की 15 हजार रुपए की राशि जैसे ही ग्राम रोजगार सहायक अधिकारी मुकेश यादव को सर्किट हाउस के बगल में झांसी रोड दतिया पर दी तो वैसे लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते हुए उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।लोकायुक्त पुलिस आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के अन्तर्गत कार्रवाई कर रही है।

### वन विहार में नेचर कैम्प एवं अनुभूति कार्यक्रम

**भोपाल।** भोपाल स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से छात्र-छात्राओं में वन, वन्य-प्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दृष्टि से नेचर कैम्प का आयोजन किया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भोपाल शहर एवं उसके आसपास के ग्रामों के शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिये पक्षी अवलोकन और नेचर कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। नेचर कैम्प में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) बरखेड़ा भोपाल के 41 छात्र-छात्राओं एवं 2 शिक्षकों ने भाग लिया।

# नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने पुतिन से परमाणु धमकी न देने का आग्रह किया

एजेंसी



**ओस्लो ।** जापान पर अमेरिकी परमाणु बम हमले में जीवित बचे और इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाले संगठन के प्रतिनिधि तेरुमी तनाका ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से परमाणु धमकी देना बंद करने का आह्वान किया है। अब 92 वर्ष के हो चुके तेरुमी ने नॉर्वे के ओस्लो में एक समाचार सम्मेलन से एक दिन पहले, सोमवार को रूसी राष्ट्रपति पुतिन से परमाणु धमकी देना बंद करने का आह्वान किया। समारोह में उन्हें इस वर्ष का पुरस्कार जीतने वाले, हिरोशिमा और नागासाकी के बमबारी में जीवित बचे लोगों के संगठन निहोन हिडांक्यो की ओर से व्याख्यान देना है। एक संवाददाता द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या उनके पास पुतिन के लिए कोई संदेश है, तनाका ने कहा कि रूसी नेता बार-बार परमाणु हमले की धमकी देते हैं लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि परमाणु हथियारों का उपयोग कितना विनाशकारी होगा। उन्होंने कहा कि पुतिन को उनके संगठन का संदेश है कि "परमाणु हथियार ऐसी चीजें हैं जिनका कभी भी इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।" उन्होंने कहा कि यह बात रूसी नेता को सीधे तौर पर भी बताई गई है। एक अनुवादक के माध्यम से तनाका ने कहा "मुझे नहीं लगता कि उन्होंने इस बारे में कभी सोचा भी है ।

### वादे के मुताबिक नहीं मिला गोरापन, इमामी कंपनी पर लगा 14 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सोमवार को भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए दिल्ली निवासी की 2013 की शिकायत पर पर्सनल केयर कंपनी, इमामी लिमिटेड को दंडात्मक क्षतिपूर्ति के रूप में ?15 लाख का भुगतान करने का आदेश दिया। कंपनी को राज्य उपभोक्ता कल्याण निधि के दिल्ली बैंक खाते में ?14.5 लाख का दंडात्मक हर्जाना जमा करने और उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी के निवासी निखिल जैन को ?50,000 का भुगतान करने का आदेश दिया गया है, जिन्होंने अक्टूबर 2012 में क्रीम खरीदी थी और इसके खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। कोलकाता मुख्यालय वाली सौंदर्य और कल्याण कंपनी। कंपनी को लागत में ?10,000 का भुगतान करने के लिए भी कहा गया है।

# लालू यादव ने इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के नेतृत्व को नकारा, बोले- ममता बनर्जी आगे आएं

एजेंसी



**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सोमवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन का नेतृत्व बदलने को लेकर अपनी इच्छा बताई है। उन्होंने पटना में पत्रकारों को इसका जवाब दिया।पत्रकारों ने उनसे पूछा कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व की मांग पर आपत्ति जता रही है।इस लालू यादव बोले कि कांग्रेस के आपत्ति जताने से कुछ नहीं होता है। हम ममता का समर्थन करते हैं, ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान सौंपनी चाहिए।

मौजूदा समय में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है, जिसके चेयरमैन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे हैं।हरियाणा और महाराष्ट्र में करारी हार के बाद इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को बदलने की मांग चल रही है।शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी ममता बनर्जी को नेतृत्व सौंपने की मांग की है। अब लालू यादव की ओर से ऐसा बायन सामने आना, कांग्रेस के लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है।बता दें कि बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान लालू ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी तंज कसा और उनकी महिला संवाद यात्रा को निशाने पर लिया।पत्रकारों ने लालू को बताया कि नीतीश यात्रा पर जा रहे हैं। इस पर लालू बोले, अच्छा है, जा रहे हैं। नैन सेंकने जा रहे हैं।पत्रकारों ने कहा कि नीतीश दावा कर रहे हैं कि 2025 में फिर सरकार बनाएंगे। इस पर लालू बोले, पहले अपना आंख सेंके जाके। सरकार हम लोग बनाएंगे।

### फतेहपुर में अतिक्रमण करके बनाई गई मस्जिद का एक हिस्सा ढहाया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में अतिक्रमण की जद में आए ललौली कस्बा के सदर बाजार स्थित नूरी जामा मस्जिद के पीछे का हिस्सा आज मंगलवार सुबह तोड़ दिया गया। इस बीच पीएसी समेत भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। बता दें ललौली कस्बा के सदर बाजार स्थित नूरी जामा मस्जिद अतिक्रमण की जद में आने पर मस्जिद कमेटी को पीडब्ल्यूडी विभाग ने नाला निर्माण के लिए सर्वे के दौरान बीते 24 सितंबर 2024 को नोटिस दी थी। जिस पर मस्जिद कमेटी ने अतिक्रमण हटाने के लिए एक माह का समय मांगा था। इस सर्वे में 133 मकान व दुकानें भी अतिक्रमण की जद में आई थी। एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद मंगलवार को एडीएम व एएसपी की मौजूदगी में सुबह बुलडोजर से मस्जिद का पिछला हिस्सा ढहाया जा रहा है।

### धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने का आरोप, पहली बार भ्रष्टाचार मामले में नेतन्याहू की होगी गवाही

एजेंसी

**इजरायल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को अपने लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे में गवाही देने के लिए पहली बार गवाही दी, जो संभवत: उन्हें अदालत कक्ष और युद्ध कक्ष के बीच हफ्तों तक जूझने के लिए मजबूर करेगी। 75 वर्षीय नेतन्याहू इज़राइल के पहले मौजूदा प्रधानमंत्री हैं जिन पर किसी अपराध का आरोप लगाया गया है। वह देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता हैं, जो 2009 से लगभग लगातार सत्ता में हैं। नेतन्याहू ने मामले की सुनवाई कर रहे तीन न्यायाधीशों से कहा, मैं सच बोलने के इस क्षण का आठ साल से इंतजार कर रहा हूं। लेकिन मैं भी एक प्रधानमंत्री हूं। मैं सात मोर्चों पर युद्ध के माध्यम से देश का नेतृत्व कर रहा हूं। और मुझे लगता है कि दोनों को समानांतर में किया जा सकता है। जब वह सुबह 10 बजे (0800 त्ररूड्ढ) के आसपास तेल अवीव जिला न्यायालय में दाखिल हुए तो आत्मविश्वास से मुस्कुराए। अज्ञात सुरक्षा कारणों से मुकदमा यरूशलेम से स्थानांतरित किया गया और देश के रक्षा मुख्यालय से 15 मिनट की पैदल दूरी पर एक भूमिगत अदालत कक्ष में बुलाया गया। नेतन्याहू के रुख अपनाने से पहले, उनके वकील अमित हदाद ने न्यायाधीशों के सामने बचाव पक्ष का कहना था कि जांच में मूलभूत खामियां हैं। हदाद ने कहा कि वे किसी अपराध की जांच नहीं कर रहे थे, वे एक व्यक्ति के पीछे जा रहे थे। कुछ दर्जन प्रदर्शनकारी अदालत के बाहर एकत्र हुए, उनमें से कुछ समर्थक और अन्य मांग कर रहे थे कि वह गाजा में हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए।

# पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा का 92 साल की उम्र में निधन, बीमारियों से थे पीड़ित

एजेंसी



**नईदिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक में मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके सोमनाहल्ली मल्लैया कृष्णा (एसएम कृष्णा) का सोमवार देर रात निधन हो गया।उन्होंने रात 2:30 बजे बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। 92 वर्षीय कृष्णा उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे।उनके पार्थिक शरीर को मद्दुर ले जाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार होगा।कृष्णा ने अपना पहला विधानसभा चुनाव 1962 में मद्दुर से ही निर्दलीय लड़ा था और कांग्रेस उम्मीदवार को हराया था। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उनके निधन पर एक्स पर कन्नड़ में लिखा, राज्य, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में कृष्णा की सेवा अद्वितीय है। मुख्यमंत्री के रूप में आईटी-बीटी क्षेत्र के विकास में उनके योगदान के लिए कर्नाटक हमेशा उनका ऋणी रहेगा। कृष्णा एक गुप्त राजनीतिज्ञ थे, जो अजातशत्रु के दुश्मन थे। कांग्रेस में शामिल होने के शुरुआती दिनों में कृष्णा मेरे मार्गदर्शक-शुभचिंतक रहे। कृष्ण की दूरदर्शिता, अनुशासन, सज्जनता और अध्ययनशील रवैया उभरते राजनेताओं के लिए आदर्श हैं।

एसएम कृष्णा ने मैसूर से स्नातक तक पढ़ाई की, फिर बेंगलुरु से कानून की डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में अपनी कानून की पढ़ाई को आगे बढ़ाया। उसी समय उन्हें राजनीति में रुचि जगी।भारत लौटकर उन्होंने कुछ दिन कर्नाटक और दिल्ली हाई कोर्ट में प्रैक्टिस की। इसके बाद 1962 में कर्नाटक के मद्दुर विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लडक़र जीता।इसके बाद वे प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में शामिल हुए और 1968 में मांड्या से लोकसभा उपचुनाव जीता। कृष्णा 1971 में कांग्रेस में आ गए।

वे 1999 से 2004 तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने रहे।इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु को आईटी हब बनाकर इसे सिलिकॉन वैली के रूप में अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। उन्होंने इंदिरा और राजीव गांधी की सरकार में भी काम किया।2004 से 2008 तक वे महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे। 2009 से 2012 तक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में वे विदेश मंत्री रहे थे।

### ट्रंप की टीम में एक और भारतीय की एंट्री

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में नए भारतीय-अमेरिकी वकील हरमीत के. राव की नियुक्ति की घोषणा की। ढिल्लों ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के मंत्रिमंडल में स्थान पाने वाले चौथे भारतीय मूल के व्यक्ति होंगे। ट्रंप ने एक्स पर खबर साझा करते हुए कहा कि मुझे अमेरिकी न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में हरमीत के ढिल्लन को नामित करते हुए खुशी हो रही है। अपने करियर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, ट्रम्प ने नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए उनके लगातार प्रयासों के लिए ढिल्लन की प्रशंसा की, विशेष रूप से बिग टेक के विनियमन, धार्मिक स्वतंत्रता और भेदभाव विरोधी मुकदमों से संबंधित मुद्दों पर।

# कब तक बांटेंगे फ्री की रेवड़ी, रोजगार के अवसर क्यों पैदा नहीं करती सरकार

एजेंसी

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों की ओर से चलाई जा रही तमाम मुफ्त की योजनाओं पर सख्त टिप्पणी की. शीर्ष कोर्ट ने पूछा कि फ्री की रेवड़ी कत तक बांटी जाती रहेंगी. इसके साथ ही एससी ने कहा कि सरकार रोजगार पैदा करने पर भी ध्यान देना चाहिए. ये बातें सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहीं. कोर्ट ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद से मुफ्त राशन लेने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर बनाने की जरूरत है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने उस वक्त हैरानी जताई जब केंद्र ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी के तहत राशन दिया जा रहा है. इसपर एससी की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि, इसका मतलब है कि केवल टैक्सपेयर्स ही बाकी हैं.

वहीं एनजीओ की ओर से दायर एक मामले में पेश हुए वरिष्ठ वकील



प्रशांत भूषण ने कहा कि उन प्रवासी मजदूरों को फ्री राशन मिलना चाहिए, जो ई-श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत हैं. इसके बाद बेंच ने कहा कि, कब तक फ्रीबीज दिए जाएंगे? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, क्यों न हम इन प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण पर काम करें?

वही वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि, अदालत ने समय-समय पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड जारी किया जाए, जिससे उन्हें केंद्र द्वारा प्रदान किए गए मुफ्त राशन का लाभ मिल सके. वकील भूषण ने कहा कि कोर्ट के हाल ही में दिए गए आदेश में कहा गया है कि जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं, लेकिन वे ई-श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत हैं, उन्हें केंद्र द्वारा मुफ्त राशन का लाभ दिया जाना चाहिए। इसके बाद जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि, यह तो समस्या है जैसे ही हम राज्यों को सभी प्रवासी मजदूरों को राशन देने को कहेंगे तो कोई यहां दिखाई नहीं देगा और सभी भाग जाएंगे. शीर्ष कोर्ट ने कहा कि राज्यों को यह पता है कि यह जिम्मेदारी केंद्र की है, इसीलिए वे राशन कार्ड जारी कर सकते हैं।

### पुलिस ने पकड़े दो शातिर वाहन चोर, 14 बाइक बरामद

**नोएडा।** थाना फेस 3 पुलिस ने दो अंतरराज्यीय दो पहिया वाहन चोरी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 14 मोटर साइकिल और 7 फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गई। इन दोनों ने मिलकर उत्तराखंड, हरियाणा , दिल्ली और यूपी के अलग-अलग शहरों से बाइक चोरी की थी। बदमाशों की पहचान मोहित उर्फपुदीना व अजय सिंह उर्फसिनचौन हुई है। इन दोनों को मुखबिर की जानकारी पर सेक्टर-71 डंपिंग ग्राउंड से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि ये दोनों मिलकर पहले भीड़ भाड़ वाले इलाके में खड़ी बाइक की रेकी करते थे। इसके बाद मास्टर की और अन्य माध्यम से बाइक का लॉक खोलकर चोरी कर फरार हो जाते थे। बाइक चोरी करते ही उसकी नंबर प्लेट बदल देते थे। ताकि यदि बाइक सर्विलांस या सीसीटीवी कैमरों से निकल रही है तो उसकी पहचान नहीं हो सके। इसके बाद सुनसान इलाकों , पार्किंग और अन्य स्थानों पर छिपा देते थे।

